दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अबीर गुलाल दुनिया भर में .........

जिंदगी की करना चहती हूं नई शुरूआत.....

वर्ष : 11 | अंक : 234 | लखनऊ, 12 अगस्त, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# सांसदों के लिए 184 नए फ्लैटों का उद्घाटन

## कुछ लोगों को 'कोसी' में बिहार चुनाव दिखेगा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप-VII बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस परियोजना का उद्देश्य सांसदों के लिए पर्याप्त आवास की तीव्र कमी को दूर करना और ऊर्ध्वाधर आवास प्रारूप में आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल आवास प्रदान करना है। उद्घाटन के एक भाग के रूप में, प्रधानमंत्री ने परिसर में सिंदूर का पौधा लगाया, निर्माण कार्य में शामिल श्रमजीवियों से बातचीत की और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

इस दौरान मोदी ने कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले मैंने कर्तव्य पथ ओर सामान्य केंद्रीय सचिवालय यानी कर्तव्य भवन का लोकार्पण किया था। आज मुझे संसद में अपने सहयोगियों के लिए इस रिहायशी कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि इन 4 टावर्स के नाम भी बहुत सुंदर हैं। कृष्णा, गोदावरी, कोसी, हुगली, भारत की चार महान नदियां, जो करोड़ों लोगों को जीवन देती हैं। अब उनकी प्रेरणा से हमारे जन प्रतिनिधियों के जीवन में भी आनंद की नई धारा बहेगी।

विपक्ष पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को परेशानी भी होगी। कोसी नदी पर नाम रखा है, तो उनको कोसी नदी नहीं दिखेगी, उनको बिहार का चुनाव नजर आएगा। ऐसे छोटे मन के लोगों के मन की परेशानियां भी दिखेंगी। नदियों के नामों की परंपरा देश की एकता के सूत्र में हमें बांधती है। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद साथी जिस नए आवास में प्रवेश करेंगे, अभी मुझे उसका एक नमूना फ्लैट देखने का भी मौका मिला। मुझे पुराने सांसद आवासों को देखने का मौका भी मिलता रहा है। पुराने आवास जिस तरह बदहाली का शिकार होते थे, सांसदों को जिस तरह आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नए आवासों में गृह प्रवेश के बाद उनसे मुक्ति मिलेगी। सांसद साथी अपनी समस्याओं से मुक्त रहेंगे, तो वो अपना समय और अपनी ऊर्जा और बेहतर तरीके से जनता की समस्याओं के समाधान में लगा पाएंगे।

### दिल्ली में नवनिर्मित टाइप VII आवास के बारे में सब कुछ

- नए टाइप-VII आवासीय परिसर को एक आत्मनिर्भर सुविधा के रूप में डिजाइन किया गया है, जो सांसदों की आवासीय और आधिकारिक, दोनों आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

- राजधानी में सीमित भूमि उपलब्धता के कारण वर्टिकल हाउसिंग पर जोर दिया गया है। इसका उद्देश्य दीर्घकालिक रखरखाव लागत को कम रखते हुए भूमि उपयोग को अनुकूलित करना था।

- एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रत्येक फ्लैट में लगभग 5,000 वर्ग फुट का कारपेट एरिया है, जिसमें कार्यालयों, कर्मचारियों के आवास और आवासीय उद्देश्यों के लिए समर्पित खंड हैं।

- हालाँकि, रिपोर्ट्स बताती हैं कि नए फ्लैट टाइप-श्ककक बंगलों से भी ज्यादा विशाल हैं, जो सरकारी आवास की शीर्ष श्रेणी में आते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया ने एक सूत्र के हवाले से बताया: इन फ्लैटों में टाइप-VII बंगलों से ज्यादा जगह है, जो शीर्ष श्रेणी में आते हैं।

- इस इमारत में परिसर के भीतर एक सामुदायिक केंद्र भी है, जो सांसदों के सामाजिक और आधिकारिक कार्यक्रमों के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा।

- एक सरकारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह बहुमंजिला इमारत मोनोलिथिक कंक्रीट और एल्युमीनियम शटरिंग से निर्मित है।

- सभी इमारतों को आधुनिक संरचनात्मक मानदंडों के अनुसार भूकंपरोधी बनाया गया है। निवासियों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत सुरक्षा प्रणाली भी लागू की गई है।

# उन्हें लोकतंत्र पर भरोसा कब से होने लगा?

## विधानसभा में समाजवादी पार्टी पर योगी का तंज

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा और लोकतंत्र एक ही नदी के दो अलग-अलग छोर हैं। सदन को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और लोकतंत्र एक ही नदी के दो अलग-अलग छोर हैं। उन्हें लोकतंत्र पर भरोसा कब से होने लगा? लोकतंत्र की बात करना उन्हें शोभा नहीं देता। संभल में उन्होंने क्या किया, यह सबको पता है।

राज्य भर के उदाहरणों का हवाला देते हुए योगी ने कहा कि चाहे संभल हो, बहराइच हो या गोरखपुर, सपा के कुकर्मों के बारे में सबको पता है। उन्होंने अपने कार्यकाल में कुछ नहीं किया। अगर एनडीए सरकार विकास करना चाहती है, तो आपको (समाजवादी पार्टी को) बुरा लग रहा है। हम पूरे प्रदेश के व्यापारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सपा शासन में व्यापारियों पर गुंडा टैक्स लगाया जाता था। अपनी आलोचना जारी रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी वजह से व्यापारी आपसे नाराज हैं और समाजवादी पार्टी को इसका खामियाजा बार-बार भुगतना पड़ रहा है। व्यापारियों के विकास के लिए कदम उठाने के बजाय, उन्होंने (समाजवादी पार्टी ने) उनकी राह में रोड़े ही अटकाए हैं। समाजवादी पार्टी से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे सुरक्षा की बात करेंगे और अच्छे विकास का समर्थन करेंगे।

सीएम योगी ने सत्र शुरू होने से पहले यूपी विधानसभा को 24 घंटे चलाने संबंधी सपा प्रमुख अखिलेश यादव की टिप्पणी की आलोचना की और मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह सरकार और भाजपा की विकास के प्रति प्रतिबद्धता है। विकास उनके एजेंडे में नहीं है। जब हमने सतत विकास लक्ष्यों, बेहतर शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, कृषि विकास, कौशल विकास, रोजगार से जुड़े मुद्दों पर 36 घंटे सदन चलाया, तब भी समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। विकास उनके एजेंडे में नहीं है।

मीडिया से बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी प्रश्नों के उत्तर दिए जाएँगे। उन्होंने सभी विधायकों का सत्र में स्वागत करते हुए कहा कि आज से यूपी विधानसभा का सत्र शुरू हो रहा है। मैं इस सत्र में शामिल होने आए सभी सदस्यों का स्वागत करता हूँ। यूपी विधानसभा देश की सबसे बड़ी विधानसभा है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण सत्र है। इस सत्र में भी प्रदेश की 25 करोड़ जनता के लिए चर्चा होगी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

# सीएम योगी भी 'वोट लूट' में शामिल : अखिलेश यादव

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो वोटर आईडी रखने के आरोप के बाद, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को घेरा है। अखिलेश ने योगी पर 'वोट लूट' और 'बूथ लूट' में मदद करने का आरोप लगाया।

### तेजस्वी यादव के आरोपों का विवाद

यह विवाद तब शुरू हुआ जब राजद नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास दो अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों के दो वोटर आईडी नंबर हैं। इस आरोप का जवाब देते हुए सिन्हा ने इन दावों को खारिज कर दिया है।

### अखिलेश यादव ने यूपी में वोट लूट का आरोप लगाया

इस विवाद को उत्तर प्रदेश से जोडते हुए, अखिलेश यादव ने कहा कि अगर बिहार के उपमुख्यमंत्री के पास दो वोटर आईडी हैं, तो उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री 'वोट लूट' में मदद कर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल नवंबर में हुए उपचुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि अयोध्या में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसके अलावा, उन्होंने मीरापुर में कमिश्नर, एसएसपी और डीएम पर यह सुनिश्चित करने के लिए बल का उपयोग करने का आरोप लगाया कि लोग वोट डालने के लिए बाहर न निकलें।

एक वीडियो में, अखिलेश यादव ने मीरापुर में एक पुलिसकर्मी द्वारा महिला मतदाताओं पर बंदूक तानने की कथित घटना का भी उल्लेख किया। उन्होंने पूछा, 'क्या हमने महिलाओं पर रिवॉल्वर तानते नहीं देखा? क्या चुनाव आयोग सो रहा था?' उन्होंने आगे कहा कि जब अधिकारी ही वोट लूटने के लिए अपराधी बन जाएं, तो कार्रवाई कौन करेगा?

# लाल किले पर 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न, इस बार 'खास मेहमान' बनेंगे सफाईकर्मी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, इस साल 15 अगस्त को, भारत अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। यह दिन 1947 में ब्रिटिश शासन से मिली कड़ी मेहनत से हासिल हुई आजादी का प्रतीक है। पूरे देश में इस राष्ट्रीय पर्व को बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया जाता है।

### लाल किले पर होगा मुख्य समारोह

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह दिल्ली के लाल किले में होता है। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्र के नाम संबोधन के साथ होती है। यह अवसर हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है जिन्होंने भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। यह दिन हर भारतीय के मन में गर्व और एकता की गहरी भावना पैदा करता है।

### इस साल के समारोह में क्या खास है?

इस साल सरकार ने एक बेहद खास पहल की है। दिल्ली के 50 सर्वश्रेष्ठ सफाई कर्मचारियों को उनके जीवनसाथी के साथ लाल किले पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह फैसला उनके सराहनीय योगदान और स्वच्छता के प्रति उनके समर्पण को सम्मान देने के लिए लिया गया है।

### समारोह का विवरण

समारोह की शुरूआत में, सशस्त्र बल और दिल्ली पुलिस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर देंगे। इसके बाद, राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और राष्ट्रगान गाया जाएगा, साथ ही 21 तोपों की सलामी भी दी जाएगी।

**संक्षिप्त समाचार**

## असम में एक संदिग्ध तस्कर गिरफ्तार, 2.5 करोड़ रुपये का गांजा बरामद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि पुलिस ने कछार जिले में एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास 2.5 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ बरामद किया है। शर्मा ने बताया कि यह गिरफ्तारी और बरामदगी खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान हुई। शर्मा ने रविवार को एक्स पर लिखा, जहर बेचने वालों के लिए बचने का कोई रास्ता नहीं। पुख्ता सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने एक वाहन को रोका और उसमें से 2.5 करोड़ रुपये मूल्य का 362 किलोग्राम गांजा जब्त किया।

## पुणे जिले में पिकअप वैन के खाई में गिरने से सात लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पुणे जिले में सोमवार को घाटी क्षेत्र में एक पिकअप वैन के खाई में गिर जाने से मंदिर जा रहे सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में हताहत हुए लोग पापलवाड़ी गांव के रहने वाले थे और श्रावण मास के शुभ दिन पर खेड़ तहसील में स्थित कुंडेश्वर मंदिर जा रहे थे। पिंपरी चिंचवड पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, पिक-अप वैन में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 30 से 35 यात्री सवार थे। शुरूआती जांच के अनुसार, वाहन घाट खंड से गुजरते समय सड़क से 25 से 30 फुट नीचे गिर गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हो गए हैं, जिन्हें पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# रीजीजू की विपक्ष से चर्चा में भाग लेने की अंतिम अपील के बाद संसद में आठ विधेयकों को मंजूरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, संसद ने सोमवार को आठ विधेयक पारित किए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद के दोनों सदनों में बार-बार व्यवधान डालने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की और घोषणा की कि सरकार उनकी भागीदारी के बिना विधायी एजेंडे पर आगे बढ़ेगी। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने मानसून सत्र के समय से पहले समाप्त होने का भी संकेत दिया और कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल संसद को चलने देने में रुचि नहीं रखते हैं। संसद के चालू मानसून सत्र के समय से पहले समाप्त होने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में रिजिजू ने कहा, ₹वो तो देखते हैं... विपक्ष संसद को चलने देने में दिलचस्पी नहीं रखता। विपक्ष की रुचि केवल सुर्खियां बटोरने में है। उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं है।₹ सत्र 21 जून को शुरू हुआ और ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर दो दिवसीय चर्चा को छोड़कर, 14 दिनों तक बाधित रहा। यह 21 अगस्त तक चलेगा। लोकसभा ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्ष के विरोध के बीच चार विधेयकों - राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, आयकर (संख्या 2) विधेयक और कराधान विधि (संशोधन) विधेयक - को पारित कर दिया। राज्यसभा ने गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक और मर्चेंट शिपिंग विधेयक पारित कर दिया, और मणिपुर विनियोग विधेयक और मणिपुर माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक भी लौटा दिए, जो पहले ही लोकसभा द्वारा पारित हो चुके थे।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र को प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना जरूरी: मायावती

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र को प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना जरूरी है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र, संक्षिप्त होने के बावजूद केवल औपचारिकता पूर्ति वाला नहीं हो, बल्कि इसको सही से प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना जरूरी है, जिसके लिए सरकार एवं विपक्ष दोनों को अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, द्वेष व कटूता आदि को त्याग कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, इसके अलावा, संसद का जो अभी मानसून सत्र चल रहा है उसके भी पूरी तरह शान्तिपूर्ण तरीके से नहीं चलने से वह जन अपेक्षा के अनुसार सही से कार्य नहीं कर पा रहा है। इस कारण जनता व देश के ज्वलंत मुद्दों पर पूरी गंभीरता से चर्चा नहीं हो पाने से लोगों में चिन्ता स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, वैसे भी भारतीय व्यापार पर भारी अमेरिकी टैरिफ के कारण देश की अर्थव्यवस्था व विकास पर जो बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है उसकी चर्चा व्यापक रूप से हर जगह गर्म है, जिसपर खास तौर से संसद में सही से चिन्तन-मनन करने की जरूरत है, क्योंकि यह देश के अच्छे दिन से जुड़ा देशहित का खास मुद्दा है उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को हल्के में लेकर देश के भविष्य को दाव पर नहीं लगाया जा सकता है और सरकार व विपक्ष दोनों इस पर उचित व समुचित ध्यान दें।

बसपा नेता ने कहा, साथ ही, चाहे वोटर व वोटर सूची तथा उसके पुरीक्षण एवं ईवीएम आदि से संबंधित देश, जनहित एवं लोकतंत्र से जुड़े मामलों में जो किस्म-किस्म की बातें देश में हो रही हैं उन संदेहों को अवश्य ही यथाशीघ्र दूर किया जाए तो यह बेहतर होगा।

# फतेहपुर के मकबरे में मंदिर होने का दावा, दो पक्ष आमने-सामने, पुलिस अलर्ट

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में सोमवार को एक संगठन के सदस्यों ने एक मकबरे में तोड़फोड़ की और दावा किया कि यह ढाँचा एक मंदिर पर बना है। ज़िला प्रशासन ने पूरे इलाके में भारी पुलिस और पीएसी बल तैनात कर दिया है और आगे किसी भी तरह की अशांति को रोकने के लिए विवादित स्थल के चारों ओर बैरिकेड्स लगा दिए हैं। यह विवाद सदर तहसील के रेडिया इलाके के अबू नगर में स्थित ढाँचे को लेकर है। सरकारी रिकॉर्ड में खसरा संख्या 753 के तहत आधिकारिक तौर पर मकबरा मांगी (राष्ट्रीय संपत्ति) के रूप में दर्ज यह मकबरा, मठ मंदिर संरक्षण संघर्ष समिति और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित अन्य हिंदू समूहों द्वारा इसे ठाकुरजी और भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर घोषित करने के बाद विवाद का विषय बन गया है, जो कथित तौर पर एक हजार साल से भी ज्यादा पुराना है।

बजरंग दल ने दावा किया है कि यह ढांचा मंदिर है और मांग की है कि उन्हें यहां पूजा करने की अनुमति दी जाए। बजरंग दल के फतेहपुर ज़िला सह-संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि हम दोपहर में यहीं पूजा-अर्चना करेंगे। प्रशासन हमें रोक नहीं पाएगा। हिंदू धर्म में कोई भी हमसे पूजा-अर्चना का अधिकार नहीं छीन सकता। यह हमारा मंदिर है जिसे वे मजार बता रहे हैं। आबू नगर में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर ज़िला मजिस्ट्रेट रवींद्र सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों को तथ्यों से अवगत करा दिया गया है। उन्हें आश्वासन दिया गया है कि कानून-व्यवस्था बनी रहेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि अफवाहें न फैलें। स्थिति शांतिपूर्ण है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ज़िला अध्यक्ष मुखलाल पाल, जो इस आंदोलन के अगुआ रहे हैं, ने आरोप लगाया कि सदर तहसील क्षेत्र में स्थित नवाब अब्दुस समद का मकबरा, मकबरा नहीं, बल्कि एक मंदिर है जिसे समय के साथ बदल दिया गया है। उन्होंने इसे ठाकुर जी और भगवान शिव का एक हजार साल पुराना मंदिर बताते हुए, संरचना के भीतर एक कमल का फूल और एक त्रिशूल की मौजूदगी को प्रमाण के तौर पर उद्धृत किया। इस दावे के बाद, एक हिंदू संगठन के सदस्य मकबरे के परिसर में घुस गए और मकबरे के बाहर तोड़फोड़ की। खबरों के अनुसार, समूह आज उस जगह पर पूजा करने की योजना बना रहा है, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है।

# विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया

## ये लड़ाई संविधान बचाने की है : प्रियंका का तंज, सरकार कायर है : राहुल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, इंडिया ब्लॉक के सांसद चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान वोट चोरी के आरोपों पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए संसद से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, संजय राउत और सागरिका घोष सहित अन्य भारतीय ब्लॉक सांसदों को हिरासत में ले लिया, जो एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे और संसद से भारत के चुनाव आयोग तक मार्च निकाल रहे थे।

राहुल गांधी ने कहा कि हकीकत ये है कि वो बात नहीं कर सकते। सच्चाई देश के सामने है। ये लड़ाई राजनीतिक नहीं है। ये लड़ाई संविधान बचाने की है। ये लड़ाई एक व्यक्ति, एक वोट के लिए है। हम साफ-सुथरी मतदाता सूची चाहते हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि हिम्मत हुई है। सरकार कायर है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि जब तक लोगों के मन में चुनावों की निष्पक्षता को लेकर संदेह है, तब तक चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को नुकसान पहुँच रहा है। अगर ये संदेह दूर हो जाते हैं, तो चुनाव आयोग की विश्वसनीयता फिर से हासिल की जा सकती है। चुनाव आयोग का अपना हित इन सवालों का समाधान करने में है।

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग को लिखा गया मेरा पत्र सीधा था और मैंने साफ-साफ लिखा था कि सभी विपक्षी सांसद संसद से चुनाव आयोग तक शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे। सभी सांसद चुनाव आयोग को एसआईआर के बारे में एक दस्तावेज देना चाहते हैं। यही हमारी माँग थी। मैंने कल शाम को यह पत्र लिखा था और 'चुनाव आयोग', जो अब 'चुराओ आयोग' बन गया है, ने मुझे कोई जवाब नहीं दिया। और अब वे कह रहे हैं कि सिर्फ.30 सांसद ही आ सकते हैं। हम चाहते थे कि सभी विपक्षी सांसद सामूहिक रूप से चुनाव आयोग को एक दस्तावेज दें। हमें यहीं रोक दिया गया है। हमें चुनाव आयोग नहीं जाने दिया जा रहा है।

## चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से फिर मांगे वोट चोरी के सबूत, कहा- अभी भी समय है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास वोट चोरी के अपने आरोप को साबित करने के लिए औपचारिक घोषणा पत्र जमा करने या देश से माफी मांगने के लिए अभी भी समय है। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से भारत के चुनाव आयोग के खिलाफ उनके ₹वोट चोरी₹ के आरोपों की जाँच के लिए दस्तावेज जमा करने को कहा।

## बेखौफ चोरों ने बाइक करी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में बीते दिनों चोरों ने एक बाइक चोरी कर ली। पीड़ित ने काफी खोज बीन के बाद थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर के गौरी बाजार स्थित एचडीएफसी बैंक, फ्लैट नंबर- 10 निवासी लवकेश कुमार के मुताबिक 28 जुलाई को रोज की तरह अपनी अपाचे बाइक (यूपी 78 डीजे 2518) बैंक के पास नीचे खड़ी कर दी और कमरे में सोने चला गया। अगले दिन सुबह देखा तो बाइक गायब मिली। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए तो पता चला कि दो व्यक्ति रात 12:30 से 2:00 बजे के बीच बाइक चुराकर वहां से ले गए। उनकी सारी करतूत कैमरे में कैद हो गई। बाद में आसपास खोजबीन की गई, लेकिन पता नहीं चल सका। इसके बाद लवकेश ने सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

## रुद्राभिषेक और पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुआ सावन भर का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां क्षेत्र के उतरावां गांव स्थित लगभग 300 वर्ष पुराने ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पूरे सावन माह से चल रहा भव्य रुद्राभिषेक कार्यक्रम रविवार को रुद्राभिषेक और पूणार्हुति के साथ सम्पन्न हुआ यह मंदिर गौ के गोबर और मिट्टी से निर्मित है जो अपनी प्राचीनता और आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है

एक दिन की तिथि हानि के कारण कार्यक्रम का समापन आज किया गया इस अवसर पर विशेष रूप से गौ माता को भोजन कराकर राधारानी के चरणों में यह प्रार्थना की गई कि उत्तर प्रदेश में गौ माता को ह्यराज माताह्न का दर्जा मिले कार्यक्रम के आयोजक जितेंद्र सिंह ने बताया कि रुद्राभिषेक का प्रारंभ



10 जुलाई से हुआ था प्रतिदिन आचार्य शिवम द्विवेदी के निर्देशन में मुख्य यजमान शैलेन्द्र सिंह चौहान व उनकी धर्मपत्नी चित्ररेखा सिंह के साथ भक्तगण हरिनाम कीर्तन पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक में शामिल होते थे आचार्य शिवम द्विवेदी ने श्रद्धालुओं को रुद्राभिषेक के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि शिवलिंग पर देशी गौ माता का दूध और गंगाजल चढ़ाने से भगवान भोलेनाथ अत्यंत प्रसन्न होते हैं इसी कारण पूरे सावन में रुद्राभिषेक में केवल देशी गौ माता के दूध का ही प्रयोग किया गया साथ ही वे प्रतिदिन गौसेवा की महिमा और उसके धार्मिक सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते थे।

समापन अवसर पर आचार्य द्विवेदी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं भाद्रपद मास के महत्व पर भी चर्चा की उन्होंने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी भगवान कृष्ण का प्राकट्य दिवस है वहीं इसी मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी को राधाष्टमी मनाई जाती है जो राधारानी का प्राकट्य दिवस है इसी तिथि को गौ माता का भी प्राकट्य दिवस माना जाता है उन्होंने कहा ह्लसनातन धर्म में 16 संस्कार हैं जिनमें से कोई भी गौ माता के बिना पूर्ण नहीं होता अतः हमें सभी को राधारानी के चरणों में प्रार्थना करनी चाहिए कि उत्तर प्रदेश में गौ माता को ह्यराज माताह्न का दर्जा मिले कार्यक्रम के अंत में भक्तगणों ने भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ समापन किया जिससे पूरा वातावरण शिव-भक्ति और गौ-सेवा की भावना से सराबोर हो उठा।

## निगोहां थाने में चला विशेष साइबर जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार




निगोहां। साइबर अपराधों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए दक्षिणी जोन पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की ओर से सोमवार को विशेष साइबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया यह कार्यक्रम निगोहां थाने में थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी की अगुवाई में सम्पन्न हुआ जिसमें निगोहां थाना क्षेत्र के समस्त गांवों के ग्राम प्रधान मौजूद रहे कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों व अन्य लोगों को ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से बचने के लिए 10 महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए इनमें किसी भी कॉल पर ओटीपी और बैंक विवरण साझा न करना अजनबियों के वीडियो कॉल स्वीकार न करना बिना सत्यापन के कोई ऐप डाउनलोड न करना और निवेश संबंधी धोखाधड़ी से बचना प्रमुख रूप से शामिल हैं।

निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस सीबीआई या कोई भी सरकारी एजेंसी कभी फोन पर कॉल कर ऑनलाइन गिरफ्तारी की धमकी नहीं देती यदि कोई खुद को अधिकारी बताकर कॉल करे तो तुरंत 1930 या 112 पर सूचना दें पुलिस ने युवाओं को बैंक खाता किराए पर देने अवैध सट्टेबाजी ऐप इस्तेमाल करने और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी साथ ही ग्राम पंचायतों के माध्यम से बुजुर्गों व निरक्षर लोगों को भी साइबर सुरक्षा की जानकारी देने पर बल दिया गया साइबर अपराधी लगातार नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगते हैं इसलिए जागरूक और सतर्क रहना ही सबसे बड़ा बचाव है

## जालसाजों ने खाते से उड़ाए लाखों रुपए, पीड़ित थाने के चक्कर लगाता रहा

अमन लेखनी समाचार

तेलीबाग, लखनऊ। तेलीबाग रमजान नगर निवासी अमीनुद्दीन खान के बैंक खाते से जालसाजों ने लाखों रुपए उड़ा लिए। पीड़ित ने बताया कि 1 जुलाई को उनके खाते से 97,000 और 3,000 रुपए निकाल लिए गए। इसकी सूचना उन्होंने तुरंत बैंक प्रबंधक को दी। प्रबंधक ने उन्हें प्रार्थना पत्र देने और खाता फ्रीज करवाने के लिए कहा। उन्हें साउथ सिटी पुलिस चौकी जाने की सलाह दी। वहां से उन्हें पीजीआई थाने भेजा गया।

पीजीआई थाने में दरोगा ने उन्हें साइबर क्राइम थाना हजरतगंज जाने की सलाह दी। अमीनुद्दीन ने वहां अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद 2 जुलाई को फिर उनके खाते से 40,790 रुपए और 9,999 रुपए निकाल लिए गए। 5 जुलाई को वे यूबीआई बैंक साउथ सिटी शाखा गए और घटना की जानकारी दी। बैंक ने उनका मोबाइल नंबर बदलकर नया नम्बर अपडेट कर दिया और खाता फ्रीज करने को कहा।

12 जुलाई को अमीनुद्दीन फिर साइबर क्राइम थाने गए और 2 जुलाई की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। रविवार को पीजीआई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस प्रकार एक महीने के भीतर अमीनुद्दीन के खाते से कुल 1,50,789 रुपए की ऑनलाइन ठगी हुई है।

## श्री राजपूत करणी सेना में सचिन टाइगर बने प्रदेश महासचिव

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। पीजीआई इलाके में स्थित श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपु ने की। इसमें सचिन टाइगर को प्रदेश महासचिव और पश्चिम प्रभारी का पद दिया गया। सचिन टाइगर ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे ईमानदारी से समाज व संगठन को पूर्ण निष्ठा से निभाऊँगा। बैठक के दौरान वरिष्ठ प्रदेश महासचिव नामवर सिंह, जितेंद्र सिंह परिहार प्रदेश उपाध्यक्ष, अतुल सिंह जिला उपाध्यक्ष, ठाकुर विनीत सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## पत्नी के गले पर मारा ब्लेड, बनाया बंधक, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद के ढकवा गांव निवासी चांदनी ने पति पिंकू पर ब्लेड से गले पर हमला करने का आरोप लगाया है। आरोपी ने डॉक्टर बुलाकर पत्नी को इलाज भी कराया। वहीं, घायल पत्नी को कमरे में पांच दिन तक बंधक बनाए रखने का भी आरोप है। पीड़िता क तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रविवार को आरोपी पिंकू को गिरफ्तार कर लिया है।

चांदनी के मुताबिक चार अगस्त की रात लगभग दस बजे पति ने बेवजह मारा-पीटा और विरोध करने पर हत्या के इरादे से उनके गले पर ब्लेड से वार कर दिया। उन्होंने मदद के लिए शोर मचाया तो पिंकू ने उनका मुंह दबा दिया और डॉक्टर को बुलाकर गले पर टांके लगवा दिए। घटना के बाद आरोपी ने चांदनी को कमरे में बंद कर दिया। आठ अगस्त दोपहर वह किसी तरह कमरे से बाहर निकली और थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज पुलिस ने विगत वर्ष से लंबित भूमि घोटाले के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का सौदा किया था पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एसीपी मोहनलालगंज रजनीश कुमार वर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई मामले में वादी राम सिंह निवासी मोहनलालगंज ने तहरीर दी थी कि ग्राम अमेठी गाटा संख्या 1020 रकबा 0.285 हेक्टेयर भूमि को कुछ लोगों ने जालसाजी कर अपने नाम करा लिया जांच में सामने आया कि अमिताभ श्रीवास्तव और प्रवीण उप्रेती ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और जमीन बेचने की साजिश रची आरोपी प्रवीण उप्रेती को इस सौदे से 6 लाख 90 हजार रुपये मिले थे।

मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि यह मामला लंबे




समय से लंबित था और आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे पुलिस टीम की कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को तहसील गेट मोहनलालगंज से दबोच लिया गया गिरफ्तार आरोपी प्रवीण कुमार श्रीवास्तव उर्फ प्रवीण उप्रेती मूल निवासी गाजीपुर और वर्तमान में ग्रेटर नोएडा का रहने वाला है आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी धोखाधड़ी और फजीर्वाड़े के कई मामले दर्ज हैं उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने वाली टीम उपनिरीक्षक वीर बहादुर दुबे, कांस्टेबल संदीप भारती रहे।

## फांसी के फंदे पर झूलकर विवाहिता ने लगाया मौत को गले

अमन लेखनी समाचार



मृतका सोनिका फाइल फोटो

लखनऊ। अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हटौली निवासी आनंद कुमार गौतम की पत्नी सोनिका (26) ने सोमवार शाम अपने घर के कमरे में बने छत के हुक से साड़ी के फंदे से झूलकर मौत को गले लगा लिया। घटना के समय परिवार वाले बाहर गए हुए थे। वापस लौटने पर जब परिजनों ने उन्होंने दरवाजा खटखटाया और काफी देर तक अंदर से कोई आहट न मिलने पर एक लड़के को छत के रास्ते से अंदर भेजकर दरवाजा खुलवाया। और अंदर देखा कि सोनिका फांसी के फंदे पर झूल रही थी। यह देखकर परिजन दंग रह गए। परिजनों ने मृतक के पति सहित पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि सोनिका अपने पति और सास के साथ लखनऊ गोमतीनगर में रहती थीं और कभी कभार गांव आते थे। दो दिन पहले ही वो लोग गांव आए थे। मृतका के परिवार में बेटी राधा (3), आलिया (1) है। सोनिका आनंद की दूसरी पत्नी थी, पहली पत्नी 5 साल पहले प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। जिसके बाद आनंद ने दूसरी शादी की थी। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## मामूली बात पर युवक ने दूसरे युवक के ऊपर धारदार हथियार से किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में रविवार को मामूली बात पर एक युवक ने दूसरे के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में पीड़ित के बड़े भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सरोजनी नगर के चिल्लावां में रहने वाले मो. नवेद का कहना है कि उसका छोटा भाई आसिफ रविवार को नादरगंज स्थित महादेव प्लाईवुड कंपनी में काम कर रहा था। तभी कंपनी में काम करने वाले आरिफ नामक युवक से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर आरिफ ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। आसिफ ने विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। साथ ही लकड़ी खुरचने वाली धारदार चौस्सी से आसिफ के ऊपर कई वार कर उसे चोटिल कर दिया। जिससे उसके सीने, कन्धे, हाथ व गर्दन पर कई जगह गहरे घाव हो गए। बाद में अन्य साथियों की मदद से गंभीर हालत में उसे आनन फानन सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। फिलहाल सरोजनी नगर पुलिस ने मो. नवेद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पेयजल संकट गहराया जल जीवन मिशन हुआ नाकाम

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कभी पूर्व रियासत रही और वर्तमान में न्याय पंचायत मुख्यालय सिसेंडी इन दिनों बदहाल पेयजलापूर्ति से जूझ रहा है ग्राम पंचायत की लगभग आठ हजार आबादी में से एक तिहाई लोग स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ह्लहर घर नल जलह्व का सपना ग्रामीणों के लिए दूर की कौड़ी साबित हो रहा है। गांव के कई मोहल्लों में पाइपलाइन जगह-जगह से लीकेज हो रहा जिससे रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है हालात इतने खराब हैं कि लीकेज से ही गंदा पानी पाइपलाइन में प्रवेश कर रहा है जिसके कारण पेयजल दूषित हो गया है इससे ग्रामीणों के संक्रामक रोगों की चपेट में आने



का खतरा बढ़ गया है स्थानीय समाजसेवी ललित दीक्षित प्रदीप सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बदहाल जलापूर्ति पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह समस्या महीनों से बनी हुई है लेकिन विभागीय जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे करीब एक महीने पहले चार्ज लेने वाले अवर अभियंता मोहम्मद तबीस ने बताया कि उन्हें मात्र पंद्रह दिन पहले ही कार्यभार मिला है।

प्राक्कलन अप्रूवल की प्रक्रिया चल रही है, उम्मीद है कि लगभग एक हफ्ते में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा, उन्होंने कहा गांव के बुजुर्गों का कहना है कि कभी सिसेंडी अपनी शान और सुविधा के लिए जानी जाती थी लेकिन आज यहां के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

लीकेज से बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी दूषित जल से ग्रामीण बीमारियों के खतरे में......

## नर्सिंग छात्राओं को मिला टैबलेट साइबर सुरक्षा की भी मिली सीख

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के सिसेंडी स्थित कृष्णा नर्सिंग एंड मेडिकल इंस्टीट्यूट में सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत एएनएम कोर्स की छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहनलालगंज एसीपी रजनीश कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई जिसमें डॉ. अनुराग चतुर्वेदी डायरेक्टर डॉ. तेजल जे. चतुर्वेदी डायरेक्टर प्रो. जे.एन.डी. प्राचार्य व डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव प्राचार्य ने भी सहभागिता की।



### मोहनलालगंज एसीपी रजनीश कुमार वर्मा रहे मुख्य अतिथि.....

मुख्य अतिथि श्री रजनीश वर्मा ने छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व पर प्रेरित किया और कहा कि टैबलेट जैसी सुविधाएं पढ़ाई के साथ-साथ डिजिटल सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करती हैं इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश कुमार वर्मा ने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के तरीकों और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नर्सिंग को सेवा और संवेदनशीलता का पेशा बताते हुए कहा कि तकनीक के सहारे मरीजों को और बेहतर सेवा दी जा सकती है टैबलेट वितरण में एसोसिएट प्रोफेसर प्रिया पॉल नर्सिंग ट्यूटर छवि सिंह कुमारी मन्नू रितिक सिंह और आयुष शुक्ला ने सक्रिय सहयोग दिया।

## रंजिश के चलते दुकानदार पर लोहे की रॉड से हमला, घायल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पुरानी रंजिश के चलते परचून दुकानदार पर इनोवा कार से पहुंचे दबंगों ने लोहे की रॉड से हमला कर लहूलुहान कर दिया। जाते-जाते ऐलानियां धमकी देकर मौके से भाग निकले। मौके पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से उसे घायल अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा किया दर्ज।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बस्ती धन्वंतराय निवासी ज्ञान सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पुरानी रंजिश के चलते सोमवार तड़के सुबह मलिहाबाद के मोहान रोड तिराहे पर स्थित अपनी परचून और



घायल अवस्था में ज्ञान सिंह फोटो

चाय की दुकान पर झाड़ू लगा रहे थे। उसी दौरान इनोवा कार से मलिहाबाद निवासी फैजान अन्य तीन साथियों के साथ वहां पर आ धमके गाली गलौज करने लगे जिसका विरोध करने पर ज्ञान सिंह यादव पर लोहे की रॉड से सिर पर वार कर दिया। हमले में ज्ञान सिंह यादव लहूलूहान होकर जमीन पर गिर गए। इसके बाद आरोपी वहां से जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

चार महीने पूर्व भी पुरानी रंजिश में दोनों में हो चुका है विवाद। पीड़ित ने थाने पर पहुंच कर पुलिस में शिकायत की और मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल कराया। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक नामजद तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बंथरा के खुर्रमपुर निवासी सोनू गौतम के मुताबिक एक दिन पहले भतीजे से हुई बात को लेकर रविवार को वह गाँव में ही राम प्रसाद की पत्नी से शिकायत करने गया था। आरोप है कि तभी रामप्रसाद, सोनू और रामप्रसाद की पत्नी आक्रामक हो गए और एक जुट होकर गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगे। सोनू गौतम का कहना है कि अपने बचाव में जब मैं चिल्लाया तो मेरा भाई वीरपाल हमें बचाने आया। जहां आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मारपीट में हमें और वीरपाल को चोटें आई। बाद में घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई। इसी तरह दूसरे पक्ष के रामप्रसाद ने वीरपाल, रमेश और सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। राम प्रसाद का कहना है कि रविवार को अपने दरवाजे पर था। तभी वीरपाल, रमेश और सोनू लाठी डंडा लेकर दरवाजे पर आ गए और बेवजह गाली गलौज करने लगे। जब मैंने समझने का प्रयास किया तो आरोपी एकजुट होकर डंडों से मारने पीटने लगे। तब मेरा बेटा सुखवीर वहां पहुंचा और किसी तरह बीच बचाव कराया। आरोप है कि बाद में तीनों आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। इस मारपीट में राम प्रसाद को काफी चोटें आई। फिलहाल बंथरा पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निगोहां थाने पर चेहल्लुम को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न.....

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। आगामी चेहल्लुम पर्व के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार निगोहां थाना प्रांगण में पीस कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने की बैठक में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य क्षेत्रीय ग्राम प्रधान तजियादार क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य तथा क्षेत्र के सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की साथ ही पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था में सहयोग करने का आग्रह किया। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया



कि चेहल्लुम का पर्व आपसी एकता और सद्भाव का संदेश देता है ऐसे में सभी लोग परंपरागत तरीकों से कार्यक्रम सम्पन्न करें और अफवाहों से बचें बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान क्षेत्रवासियों ने अपनी-अपनी समस्याएं भी रखीं जिन्हें अधिकारियों ने ध्यानपूर्वक सुना और समाधान का भरोसा दिया। इस अवसर पर मीरानपुर। दयालपुर रामपुर दखिना पटसा सहित दर्जन भर से अधिक ग्राम प्रधान और तजियादार मौजूद रहे।

## संक्षेप

### युवक ने भांजे की दबाई गर्दन, पिता की फटकार के बाद धारदार हथियार से खुद पर किया हमला

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बेरिया गाढ़ा गांव में रविवार रात एक परिवारिक विवाद में नशे में धुत अरविंद ने अपने तीन साल के भांजे की गर्दन पर हाथ रख दिया। इस पर बच्चे के पिता सुरेश ने अरविंद को फटकार लगा दी।फटकार से आहत अरविंद ने धारदार हथियार से खुद पर कई जगह वार कर आत्महत्या का प्रयास किया। घर में मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह उससे हथियार छीन लिया। लेकिन तब तक अरविंद अपने शरीर पर कई गहरे कट लगा चुका था।घायल अरविंद को परिजन सीएचसी बांगरमऊ लेकर आए। वहां मौजूद डॉक्टर ने उसकी नाजुक हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई।अस्पताल में घायल युवक घंटों हंगामा करता रहा। इससे उसका उपचार करना मुश्किल हो गया था। सीएचसी में मौजूद कई लोगों ने युवक को काबू किया। तब जाकर उसकी मलहम-पट्टी की जा सकी।कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी तक घटना की कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि अगर शिकायत मिलती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

### नशे में धुत्त युवकों के बीच चले लाठी-डंडे, महिला समेत चार घायल



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सिरधरपुर गांव में बीती देर रात नशे में धुत दो युवकों के बीच शुरू हुई मारपीट ने हिंसक रूप ले लिया।घटना में अनिल और अंकित के बीच पहले कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। इस दौरान अंकित का भाई संजू और पिता लालता लाठी-डंडों से लैस होकर हमलावर हो गए।झगड़े को रोकने के लिए कल्लू (40) और उनकी पत्नी अनीता (35) बीच-बचाव करने पहुंचे।इसी दौरान अंकित ने अपने दांतों से कल्लू का दाहिना कान काट दिया और अनीता के सिर पर ईंट से वार कर दिया।इस हिंसक घटना में कल्लू, अनीता, कल्लू के देवर पिन्नू (30) और राजू पुत्र कुंवर लाल (30) घायल हुए।सभी घायलों को सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया गया है।कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मारपीट करने वाले दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु को किया पार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रो में लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा का जलस्तर शनिवार देर रात चेतावनी बिंदु को पार कर गया है। सोमवार सुबह तक जलस्तर में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है।इससे पश्चिमी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी बाढ़ का पानी फैल गया है। बाढ़ से सैकड़ों घरों में पानी भर गया है और खेतों की फसलें डूब गई हैं। इससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। प्रशासन ने राहत और आवागमन के लिए एक दर्जन नावों की व्यवस्था की है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, शनिवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 111.990 मीटर था। यह चेतावनी बिंदु से एक सेंटीमीटर नीचे था। देर रात करीब बारह बजे जलस्तर ने चेतावनी बिंदु को पार कर लिया। रविवार सुबह आठ बजे यह 112.040 मीटर दर्ज किया गया। दोपहर एक बजे तक बढ़कर 112.110 मीटर और शाम छह बजे 112.160 मीटर हो गया। सोमवार सुबह यह 112.270 मीटर तक पहुँच गया। कानपुर बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।जलस्तर बढ़ने से गोताखोर, शाही नगर, मोम्मद नगर, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा और कर्बला सहित तटीय इलाकों में पानी घरों के आसपास भर गया है। कई मकानों के अंदर पानी घुस जाने से लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं। नाव से आवागमन हो रहा है और कई स्थानों पर बचाव दल तैनात किए गए हैं। बाढ़ का असर अब कटरी क्षेत्र के किसानों पर भी पड़ा है। यहां सब्जियों की फसलें डूबने से भारी नुकसान हुआ है। गंगा के चेतावनी बिंदु पार करते ही पोनी रोड के तटीय क्षेत्र रविदास नगर, मालवीय नगर, श्रीनगर, इंद्रा नगर और प्रेम नगर तक पानी फैल गया है। ग्रामीण इलाकों गगनी खेड़ा और फत्तेपुर में भी जलभराव हो गया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की सलाह दी जा रही है। बढ़ते जलस्तर के कारण पश्चिमी क्षेत्र के तटवर्ती इलाकों में बिजली के पोल और तारों तक पानी पहुंच गया है। दुर्घटना की आशंका को देखते हुए बिजली विभाग ने एहतियातन लगभग आधा सैकड़ा घरों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी है।

# पढ़ाई के नाम पर जीरो और काम करवाने के नाम पर हीरो अखिल द्विवेदी

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम सभा आदमपुर भाषी के प्राथमिक विद्यालय की ये फोटो सामने आई है, जो सरकारी शिक्षा व्यवस्था के खोखले दावों की पोल खोल रही है। दावा है कि योगी सरकार में सरकारी स्कूल बेहतर चल रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बया कर रही है। सोमवार समय लगभग 1:30 बजे की ये तस्वीरें हैं आदमपुर भाषी के प्राथमिक विद्यालय की हर हकीकत को बयां कर रही हैं जहाँ मासूम बच्चे किताबों की जगह हाथ में कूड़ा उठा रहे है कक्षा के अंदर से बाहर सिर्फ कचरे की ढेरियां निकल रही है और मासूमो से हाथों से सफाई करवाई जा रही है। क्या ये बच्चे स्कूल पढ़ने आते हैं या सफाई करने ये फोटो खुद गवाही दे रही है कि पढ़ाई कितनी होती होगी और काम कितना करवाया जाता होगा! इस प्राथमिक विद्यालय में पिछले 5 साल से अधिक समय से प्रधान शिक्षक रजनी सिंह तैनात हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान कम और बच्चों से काम ज्यादा कराया जाता है। अब सवाल है कि क्या शिक्षा विभाग इस मामले में कोई कार्रवाई करेगा या फिर सरकारी दावे सिर्फ फाइलों में ही कैद होकर रह जायेगे सहायक शिक्षक विकेंद्र विक्रम से पूछा गया तो कहने लगे कि बच्चे शौक में डॉल रहे समय करीब 1:30 जब बच्चों की क्लास चलती है तब बच्चे शौक में अपने आप कूड़ा डालने के लिए गेट के बाहर खड़े थे कम से कम 10 से 12 बच्चे शौक में ही डाल रहे थे क्या अगर शौक में डाल रहे थे तो आपने उनको मना क्यों नहीं किया। ।एस डी आई दीपेश कुमार ने बताया कि अगर बच्चे कूड़ा उठाते फोटो वायरल हुई है तो उसकी जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सफीपुर थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। विवाद और लगातार मारपीट से तंग आकर युवक ने यह कदम उठाया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान फाजिलपुर निवासी कमलेश के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई राकेश ने बताया कि कमलेश का विवाह करीब पांच वर्ष पहले अतहा निवासी मोनी से हुआ था। कमलेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। पिछले एक साल से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। इसके चलते मोनी अपने मायके में रह रही थी। परिवारजनों के अनुसार, शुक्रवार शाम को महेश नामक व्यक्ति कमलेश के घर आ पहुंचा। वह पति-पत्नी का मामला सुलझाने के बहाने कमलेश से कहासुनी करने लगा। बात बढ़ने पर महेश ने कमलेश को बुरी तरह पीटा।इस घटना के बाद भी विवाद शांत नहीं हुआ। रविवार सुबह कमलेश अपनी पत्नी मोनी को लेने के लिए ससुराल अतहा गया। आरोप है कि ससुराल में कमलेश के साथ उसकी पत्नी मोनी और रामविलास नामक व्यक्ति ने मिलकर जमकर मारपीट की। घायल अवस्था में कमलेश वहां से लौट रहा था। भाई राकेश ने बताया कि ससुराल से लौटते समय, वह अपने घर से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर रुक गया। उसने बैग में रखी अपनी शर्ट को रस्सी की तरह इस्तेमाल करके पेड़ के सहारे फांसी लगा ली। राहगीरों ने जब शव को पेड़ से लटका देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा विधायक के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। क्षेत्रीय विधायक के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा का मौरावां चेयरमैन विवेक सेठ ने भव्य स्वागत किया। साथ ही यात्रा में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। सोमवार को असोहा से भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय भाजपा विधायक अनिल सिंह की अगुवाई में हुआ। यात्रा का स्वागत कालूखेड़ा, कंचनपुर, भवानीगंज समेत पुरवा तक विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं ने स्वागत किया। हजारों की संख्या में भारतीय ध्वज तिरंगा को हाथों में लहराते हुए युवा आगे बढ़ रहे थे। बाइकों, पैदल व डीजे के साथ हजारों समर्थक भारत माता की जय-जयकार कर रहे थे। मौरावां में चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष मौरावां कुंवर विवेक नारायण सेठ ने अपने सैकड़ों को समर्थकों के साथ विधायक अनिल सिंह का स्वागत किया और यात्रा में शामिल हुए। भवानीगंज में प्रदीप शुक्ल के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया। पुरवा कस्बा होते हुए तिरंगा यात्रा का समापन स्थानीय बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में किया गया। समापन के बाद पत्रकारों के प्रश्नों के जवाब देते हुए भाजपा विधायक अनिल सिंह ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने वोट चोरी के मुद्दे पर राहुल गांधी व अखिलेश यादव पर तीखे प्रहार किए। पुरवा में पूर्व मण्डल अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव ने यात्रा का स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख हिलौली दिलीप दीक्षित, असोहा आनंद गुप्ता, पुरवा सतीश चौधरी, डॉ० रजनीश, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरवा अमित त्रिवेदी, राजीव सिंह, ललित सेंगर आदि हजारों की संख्या में ग्रामीण, ग्राम प्रधान, भाजपा के पदाधिकारी शामिल हुए।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कृषि विज्ञान केंद्र धौरा उन्नाव एवं कृषि विभाग उन्नाव द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबिल (आयल सीड) योजना अंतर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड परिसर सभागार सिकंदरपुर सिरोसी उन्नाव में शुरूआत की गई। यह प्रशिक्षण 11.08.2025 से 12.08.2025 तक चलेगा ।प्रशिक्षण में कुल 30 प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य तिलहन उत्पादक किसानों को जागरूक करना एवं तिलहन फसल की उन्नतशील खेती करना है जिससे जिले की तिलहन उत्पादन का क्षेत्रफल और अधिक बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ धीरज कुमार तिवारी ने किसानों को तिलहन उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकियों को विस्तार से चर्चा किया एवं तिलहनी फसलों में खरपतवार नियंत्रण के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक पौध संरक्षण डा जय कुमार यादव किसानों को तिलहन फसलों में लगने वाले रोग एवं कीटों के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी एवं साथ ही किसानों को परामर्शी सेवाओं प्रसार वैल्यू, चैन पार्टनर, बीड्स ग्रामीण, कृषि मौसम सेवा विस्तार के बारे में जानकारी भी दी गई। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी आशुतोष ने किसानों को विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्नाव जिले के एनएफएसएम के सलाहकार गुलाब चंद गुप्ता ने मिशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विभाग के ललित यादव, विनोद कुमार सिंह, नीरज कुमार, राजेश कुमार वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# आज भी नेता जी की याद दिलाती है मरोचा नहर कोठी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के मरोचा गांव के नहर किनारे बनी नहर कोठी आज भी क्रांतिकारी नेता सुभाषचंद्र बोस की याद ताजा करती है। यह कोठी करीब 200 साल पुरानी बताई जाती है। इसका निर्माण अंग्रेजो ने कराया था। यही पर बैठ कर अंग्रेजी हुकूमत जमींदारों से लगन की वसूली करती थी। देश की आजादी के बाद इसे नहर विभाग के सुपुर्द कर दिया गया था। लगभग 5 बीघा के परिक्षेत्र में बनी है विशालकाय कोठी आज विभाग की उपेक्षा से जर्जर हो चुकी है। इस कोठी में रहकर नेता जी ने 12 व 13 मई 1938 को बटुकेश्वरदत्त की अध्यक्षता में विशाल क्रांतिकारी सम्मेलन मकूर ग्राम में आयोजित कर पहली बार फावर्ड ब्लॉक के गठन की घोषणा की थी। जिसका संस्थापक अध्यक्ष सर्व सम्मति से नेता जी को चुना गया था। यह सम्मेलन तीन दिन तक चला था। जिसमे करीब 1 लाख युवा शामिल हुए थे। उस समय असेम्बली में बम कांड में शहीद भगत सिंह का साथ देने वाले बटुकेश्वरदत्त वाईएस राय यशपाल सिंह 1915 के क्रांतिकारी गुरुमुख सिंह मनमथ नाथ गुप्ता कैलाशनाथ रफी अहमद किदवई शिव शर्मा जयदेव कपूर व शिव प्रसाद मिश्र शामिल हुए थे। जिसकी अध्यक्षता पं विशम्भर दयाल त्रिपाठी संचालन मुंशी रामगुलाम ने किया था। यही पर नेता जी ने सोवियत संघ के मास्को से प्रेरित होकर रामगुलाम के निवेदन पर मकूर में मास्क नगर बसाया था। देश की आजादी में मकूर ग्राम के मुंशी ब्रजलाल जुराखन महाबीर पासी रामगुलाम भजनी रामगुलाम सिंह जगनायक व राम स्वरूप यादव सहित सात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपनी भागीदारी निभाई है। जिनकी स्मृति शेष है।

# धूमधाम से निकाली गई तिरंगा यात्रा शामिल हुए सैकड़ों बाइक सवार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को तिरंगा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकली गई। इस तिरंगा यात्रा की शुरूआत गोबरहा गांव के स्वत्रंत्रता संग्राम सेनानी परमेश्वरदीन लोधी के स्मारक से चल बजौरा गाँव के शहीद अमर बहादुर के स्मारक पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ो बाइक सवार देशभक्तों ने भारत माता के जयघोष के नारों से गुंजायमान करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। गोबरहा गाँव पहुँचे जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परमेश्वरदीन लोधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा की शुरूवात की। रास्ते मे देश की स्वत्रंत्रता में योगदान देने वाले भगवंतनगर निवासी स्व० मनबोधन लाल बाजपेयी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से अमितेश सिंह नंदू, मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा, भगवंतनगर चैयरमैन आशीष शुक्ला व जिला पंचायत सदस्य सुधीर शर्मा ,अजय बाजपेयी, के शामिल होने से युवाओं में जोश भर गया। तिरंगा यात्रा दौरान सिक्की बोटा, राम प्रसाद लोधी, कल्लू तिवारी, अर्जुन लोधी, धुन्नर लोधी, अवधेश तिवारी, शिवलाल, सैकड़ो देशभक्त शामिल रहे।

# भूमि पूजन कर भवन निर्माण की रखी गई आधार शिला

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के मनिकापुर स्थित बी पैक्स सहकारी के जर्जर भवन देखते हुए नए भवन की स्वीकृति शासन द्वारा मिल जाने से बी पैक्स अध्यक्ष मुरारी शुक्ला ने भूमि पूजन कर भवन निर्माण की आधारशिला रखी। मानिकापुर बी पैक्स के सचिव ने बताया पुराने जर्जर भवन को देखते हुए 100 एम टी क्षमता के भवन का निर्माण शासन द्वारा कराया जाना है जिसमे 18 लाख की लागत से दो बड़े हाल, दो ऑफिस के साथ बरामदा का निर्माण किया जाएगा। बी पैक्स के अध्यक्ष मुरारी शुक्ला ने बताया नए भवन का निर्माण होने से किसानों को अधिक सुविधाओ का लाभ पहुचाया जा सकेगा। इस मौके पर प्रधान माजिद हुसैन, दीपक सिंह, सुनील सिंह, दिलीप मिस्त्री, सधन सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 75 वर्ष पुराना इंटर कालेज हो चुका पूरी तरह जर्जर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ऐतिहासिक राजा शंकर सहाय इंटर कॉलेज की 75 साल पुरानी इमारत अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। विद्यालय की कई कक्षाएं खंडहर में तब्दील हो गई हैं। छात्र-छात्राओं को बरामदों में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। छत से पानी टपकता है और प्लास्टर गिरने का खतरा रहता है। विद्यालय प्रशासन ने इमारत को अनुपयोगी घोषित कर दिया है। फिर भी शिक्षण कार्य जारी है। अध्यापकों को 'स्वयं की जिम्मेदारी' पर बच्चों को पढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इसका अर्थ है कि किसी हादसे की स्थिति में जिम्मेदारी शिक्षक की होगी। यह शिक्षकों के लिए चिंता का विषय है। साथ ही बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल उठता है। विज्ञान वर्ग के छात्रों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान की प्रयोगशालाएं भी खस्ताहाल भवन में हैं। वहां न तो उपकरण सुरक्षित हैं और न ही छात्रों को प्रयोग करने की उचित सुविधा मिल पा रही है। इससे बच्चों की पढ़ाई और प्रयोगात्मक ज्ञान दोनों प्रभावित हो रहे हैं। 'अलंकार योजना' के अंतर्गत विद्यालय के रखरखाव के लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। लेकिन तकनीकी अड़चनों के कारण इस धनराशि का उपयोग अब तक नहीं हो पाया है। यह राशि वर्षों से निष्क्रिय पड़ी है और विद्यालय की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने शासन-प्रशासन से अपील की है। वे चाहते हैं कि तकनीकी अड़चनों को जल्द दूर कर फंड के उपयोग की अनुमति दी जाए। इससे विद्यालय का पुनर्निर्माण हो सकेगा और छात्रों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिल सकेगी। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के कई बच्चे इस विद्यालय में पढ़ते हैं। वे निजी स्कूलों की महंगी फीस वहन नहीं कर सकते। इन बच्चों का भविष्य इस जर्जर इमारत की मरम्मत पर निर्भर है।

# विद्युत पोल से लटक रहे विद्युत तार दे रहे बड़े हादसे को दावत



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर क्षेत्र के खरजारा गांव में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। गांव में कई जगह बिजली के तार लटके हुए और टूटे हुए हैं। इससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के बारे में कई बार बिजली विभाग को शिकायत की है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। विशेष रूप से संतोष के घर के पास लगे खंभे की स्थिति बहुत खराब है। इस खतरनाक स्थिति के कारण गांव के सैकड़ों लोगों का जीवन जोखिम में है। ग्रामवासी संतोष, अंबुज और अंकित ने इस मुद्दे पर जोरदार विरोध किया है। जब इस समस्या की सूचना बिजली विभाग के जेईओ और एसडीओ को दी गई, तो उन्होंने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। हालांकि, ग्रामीण अब तक के आश्वासनों से संतुष्ट नहीं हैं। वे तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय पक्षी को आवारा कुत्तों ने नोचा, मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र लालताखेड़ा में आवारा कुत्तों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत गौ रक्षक दल के जिला अध्यक्ष नीरज सिंह को सूचना दी। नीरज सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्होंने वन रक्षक नीलू यादव एवं डॉक्टर लाल बहादुर को घायल मोर के बारे में जानकारी दी। हालांकि, नीरज सिंह के अनुसार, वन रक्षक नीलू यादव ने मौके पर पहुंचना जरूरी नहीं समझा। वहीं डॉक्टर लाल बहादुर 20 मिनट में पहुंचने का आश्वासन देते रहे, लेकिन समय पर नहीं पहुंचे। इस देरी के कारण घायल मोर की मौत हो गई। गौ रक्षक दल के जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार सूचना देने के बावजूद न तो वन विभाग की ओर से और न ही डॉक्टर की ओर से कोई समय पर मदद पहुंची। उन्होंने वन रक्षक नीलू यादव और डॉक्टर लाल बहादुर की लापरवाही को राष्ट्रीय पक्षी की मौत का कारण बताया है।

## दोस्तो के साथ नदी में स्नान कर रहा युवक पानी में डूबा, मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मझखोरिया गांव निवासी बिंदालाल का 18 साल का बेटा रूपेश अपने दो दोस्तों आकाश और महतो के साथ लोन नदी में नहाने गया था। गर्मी से राहत पाने के लिए तीनों नदी में उतरे। नहाते समय रूपेश गहरे पानी में चला गया। तेज बहाव और गहराई का अंदाजा न लग पाने के कारण वह डूबने लगा। रूपेश को पानी में संघर्ष करते देख उसके दोस्तों ने शोर मचाया। लेकिन वह खुद को बचा नहीं सके। घबराए हुए दोनों दोस्त तत्काल गांव पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल की ओर दौड़े। कुछ ही देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल गंगाघाट से गोताखोरों को बुलवाया।गोताखोरों ने नदी में रेस्क्यू अभियान शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद रूपेश को पानी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। युवक की मौत हो चुकी थी। शव को देखने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। सोमवार को जब पोस्टमार्टम हाउस में शव लाया गया, तो वहां का माहौल भी बेहद गमगीन हो गया। परिजन बेटे के शव से लिपटकर बिलखते रहे। रूपेश की असमय मौत ने पूरे गांव को हिला दिया है। उसने कक्षा 6 तक पढ़ाई की थी।

## सम्पादकीय

# संसद नहीं चलने देने से क्या हासिल हो पाएगा

संसद का मानसून सत्र लगातार विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। 21 जुलाई से सत्र शुरू हुआ है, जो 21 अगस्त तक चलेगा। सरकार ने कई विधेयक पास कराने की तैयारी की है, लेकिन विपक्ष संसद नहीं चलने दे रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए कहीं से भी ठीक नहीं है। आखिर जनता की गाढ़ी कमाई कब तक यूं ही जाया होती रहेगी? संसद सत्र के शुरू होने से पहले ही सरकार ने आश्वासन दिया था कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर, एसआईआर, ट्रंप के दावे समेत कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की थी। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की, विपक्ष की मांग के अनुरूप दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर जवाब भी दिया गया, इसके बाद भी विपक्ष शांत नहीं हुआ। वह अभी भी हंगामा ट्रैक पर है। आज आठ अगस्त को भी विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के सदस्य सरकारी कामकाज तो बाधित कर ही रहे हैं, आज उन्होंने गैर सरकारी कामकाज को भी अवरुद्ध किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने दोहराया कि सरकार ने शुरू से कहा है कि नियमों के तहत वह हर मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी कहा कि 'मैं आपसे पुनः आग्रह कर रहा हूं कि प्रश्नकाल चलने दें। यह महत्वपूर्ण समय होता है। नारेबाजी करना संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है। देश की जनता देख रही है कि नियोजित तरीके से सदन को कैसे बाधित किया जा रहा है।' राज्यसभा में भी यही स्थिति रहती है। सदन में चर्चा कम और हंगामा अधिक होता है। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हैं, आसन के नजदीक चले जाते हैं, नियम के विपरीत चर्चा की मांग करने लगते हैं, प्रश्नकाल नहीं चलने देते हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जारी गतिरोध का जिक्र करते हुए शुक्रवार को बताया कि 'वर्तमान सत्र में लगातार हंगामे की वजह से सदन का अब तक 56 घंटे 49 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है।' उच्च सदन में आज भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए दिए गए नोटिस आसन द्वारा खारिज किए जाने के विरोध में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बैठक शुरू होने के दस मिनट बाद ही दोपहर बारह बजे तक और बारह बजे शुरू होने पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। उपसभापति हरिवंश ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा करने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 20 नोटिस मिले हैं। वर्तमान सत्र में रास सदस्यों के पास आज तक 195 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत लोक महत्व से जुड़े 195 मुद्दे तथा विशेष उल्लेख के जरिये 195 महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने का अवसर था लेकिन अब तक केवल 13 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत सिर्फ पांच मुद्दे तथा विशेष उल्लेख के जरिये मात्र 17 मुद्दे ही उठाए गए हैं। यह पहली बार नहीं है, बल्कि पिछले दो दशक से ऐसा ही हो रहा है। विपक्ष में जो भी दल रहे हों, संसद सत्र के दौरान व्यवधान उत्पन्न करते रहे हैं। संसद सत्र को अधिक उपयोगी बनाने की जरूरत है। अब जितने भी दिन सत्र बचे हैं, पक्ष व विपक्ष कोशिश करें कि सत्र चल सकें व जनोपयोगी मुद्दों पर चर्चा हो सके व विधेयक पास हो सकें।



विमर्श

आलोक शुक्ला

> विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रकार वार्ता में देश की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरम विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2024 की मतदाता सूची का विश्लेषण करने पर 1,00,250 फर्जी नाम मिले। इस पर निर्वाचन आयोग की जो प्रतिक्रिया आई है, वह न तो उचित कही जा सकती है और न ही कानूनी रूप से सही है। अच्छा होता कि भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार का पत्र व्यवहार न करते हुए राहुल गांधी के विश्लेषण पर अपनी तथ्यपूर्ण प्रतिक्रिया देता और उनके विश्लेषण की त्रुटियों को उजागर करता। ऐसा न करने से आयोग की विश्वसनीयता ही कम होती दिख रही है।

# मतदाता सूचियों में पारदर्शिता जरूरी

सात जुलाई को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रकार वार्ता में देश की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरम विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2024 की मतदाता सूची का विश्लेषण करने पर 1,00,250 फर्जी नाम मिले। इनमें से 11,965 मतदाता डुप्लीकेट थे, 40,009 मतदाताओं के पते फर्जी थे, 10,452 के नाम बड़ी संख्या में किसी एक ही पते पर दिखाए गए थे। 4,132 मतदाताओं की फोटो पहचानना संभव नहीं था और 33,692 मतदाताओं के नाम फार्म 6 का दुरुपयोग करके मतदाता सूची में जोड़े गए थे। राहुल गांधी की इस पत्रकार वार्ता से राजनीतिक भूचाल आ गया है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर एक राष्ट्रीय बहस भी शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 20(3)(बी) के अंतर्गत शपथ के साथ घोषणा पत्र देने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी का पहला आरोप तो यह है कि भारतीय जनता पार्टी को चुनावों में मदद करने के लिए महादेवपुरम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फर्जी वोटरों का पंजीकरण जानबूझकर किया गया है। दूसरा आरोप यह है कि इन फर्जी वोटरों ने भाजपा के पक्ष में वोट डाले और इस प्रकार निर्वाचन आयोग की मदद से भाजपा ने चुनाव को चुरा लिया। भाजपा ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत, राजनीति से प्रेरित और देश के लिए अहितकर बताया है। राजनीतिक दल होने के कारण भाजपा से ऐसी ही राजनीतिक प्रतिक्रिया की अपेक्षा भी थी। परन्तु निर्वाचन आयोग की जो प्रतिक्रिया आई है, वह न तो उचित कही जा सकती है और न ही कानूनी रूप से सही है। नियम 23(3)(बी) के अंतर्गत निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के आदेश के विरुद्ध अपील करने का प्रावधान है, जिसके लिए 15 दिन की समय सीमा भी निर्धारित है। साफ है कि न तो इतने दिनों बाद अपील की जा सकती है और न ही राहुल गांधी अपील कर रहे हैं। राहुल गांधी ने तो एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वयं उपलब्ध कराई गई मतदाता सूची का विश्लेषण करते हुए जानबूझकर फर्जी नाम जोड़े जाने के आरोप लगाए हैं। अच्छा होता कि भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार का पत्र व्यवहार न करते हुए राहुल गांधी के विश्लेषण पर अपनी तथ्यपूर्ण प्रतिक्रिया देता और उनके विश्लेषण की त्रुटियों को उजागर करता। ऐसा न करने से निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता ही कम होती दिख रही है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता के जिम्मेदार पद पर हैं इसलिए इस आलेख में उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए डेटा को सही मानते हुए उसका तथ्यपूर्ण विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। यह आलेख इस बात का प्रयास करता है कि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को पक्षपातपूर्ण न मानते हुए मतदाता सूची में राहुल गांधी दिखाई गई विसंगतियां के कारणों को समझा जाए।

मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम और फार्म 6 का दुरुपयोग, यह दोनों लगभग एक समान आरोप हैं, इसलिए इन पर एक साथ विचार करेंगे। दरअसल बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में डुप्लीकेट नामों की समस्या



लंबे समय से चली आ रही है। इन शहरों में लोग अक्सर किराये के मकानों में रहते हैं। मकान मालिक अधिकतर 11 महीनों के लिए किरायानामा करते हैं और उसके बाद किरायेदार पर मकान खाली करने का दबाव डालते हैं। मेट्रो शहरो में बड़ी संख्या में लोग दूसरे शहरों से आते हैं और जल्दी-जल्दी जॉब बदलने के कारण अपना पता भी बदलते रहते हैं। यह लोग नए पते पर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा तो लेते हैं, परन्तु पुराने स्थापन से अपना नाम कटवाते नहीं हैं। जब इनके परिवार साथ में रहते हैं, तो बूढ़े मां-बाप का नाम भी मतदाता सूचियों में 2 स्थानों पर जुड़ जाता है। निर्वाचन आयोग चुनाव के ठीक पहले मतदाताओं के नाम जोड़ने की मुहिम भी चलाता है जिसके कारण भी ऐसे डुप्लीकेट नामों की संख्या में काफी वृद्धि हो रही है। हालांकि फार्म-6 में यह घोषणा की जाती है कि नाम जुड़वाने का आवेदन देने वाले व्यक्ति का नाम अन्य किसी स्थान की मतदाता सूची में नहीं है, परन्तु कोई भी इस घोषणा को गंभीरता से नहीं लेता है और लोगों के नाम अनेक स्थानों पर जुड़ते ही जाते हैं। फर्जी पते और एक ही मकान में बहुत अधिक नामों के होने का कारण दरअसल यह है कि निर्वाचन आयोग ने ऐसे सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के आदेश जारी किए हैं जिनका कोई स्थाई पता नहीं है। आयोग का यह फैसला ऐसे गरीब मजदूरों के पक्ष में है जिनके पास रहने के लिए कोई मकान नहीं है और जो फुटपाथ पर भी जीवन काटने के लिए मजबूर हैं। मेट्रो शहरों में लगातार चल रहे निर्माण कार्यों के कारण ऐसे लोगों की बड़ी संख्या होती है। इन गरीबों को अक्सर नगर निगम के अधिकारी और पास के गुंडे फुटपाथ पर उनके रहने के स्थान से भगाते रहते हैं। इस कारण वे अपने रहने का स्थान बदलते रहते हैं। ऐसे लोगों के नामों को फर्जी पते वाला कहा गया है। पहचान राहुल गांधी का तीसरा आरोप है कि बहुत से मतदाता ऐसे हैं जिनकी पहचान योग्य फोटो मतदाता सूची में नहीं है। दरअसल कुछ साल पहले तक मतदाता सूचियों में मतदाता की फोटो होती ही नहीं थी। आयोग ने जब फोटो जोड़ने का निर्णय लिया तो अधिकारियों ने फोटो एकत्रित करना प्रारंभ किया। बहुत सी फोटो अच्छी क्वालिटी की नहीं मिलीं। आयोग धीरे-धीरे अच्छी क्वालिटी की फोटो एकत्र करने का कार्य कर रहा है, पर यह कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। आयोग के पास क्या विकल्प हैं - राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची के विश्लेषण का आसान स्पष्टीकरण आयोग दे सकता है। न जाने किस कारण से निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के साथ विवाद की स्थिति उत्पन्न करने की नीति अपनाई है। मेरा मानना तो यह है कि राहुल गांधी ने डुप्लीकेट नामों, फर्जी पते और खराब फोटो की जो सूचियां पत्रकार वार्ता में दिखाई थीं, वह सूचियां उनसे मांगकर निर्वाचन आयोग को उनमें शामिल प्रत्येक नाम की जांच अपने अधिकारियों से करा लेनी चाहिए और प्रत्येतक नाम के संबंध में उचित कारण देते हुए अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए। हर भारतीय की यह अपेक्षा है कि त्रुटिहीन निर्वाचक नामावली तैयार की जाए। आयोग शायद इसी उद्देश्य से पहले बिहार में और फिर सारे देश में सघन पुनरीक्षण का कार्य करना चाहता है। परन्तु आयोग को यह समझना होगा कि जब तक नई और उन्नत तकनीक का प्रयोग करके प्रक्रिया में सुधार नहीं किया जाएगा, तब तक सघन पुनरीक्षण का कोई लाभ नहीं होने वाला है। अच्छा होगा कि निर्वाचन आयोग सूचना प्रौद्योगिकी के जानकारों की एक राष्ट्रीय समिति बनाए जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी रखा जाये। यह समिति मतदाता सूचियों को शुद्ध रूप में बनाने और उनके रखरखाव के संबंध में जो सुझाव दे उन पर आयोग को खुले हृदय से विचार करना चाहिये और उसके बाद देशहित में फैसला लेना चाहिये।

## स्पेस स्टेशन

डॉ. रमेश ठाकुर



# अंतरिक्ष से मिसाइल अटैक की योजना बना रहे देश!

भविष्य में लड़ाई लड़ने के तरीके बदलने वाले हैं। पावरफुल मुल्क बंदूक, तोप, तलवारों या अन्य हथियारों से नहीं, बल्कि मिसाइलों से अंतरिक्ष में बने 'स्पेस स्टेशनों' से युद्ध की योजना बना रहे हैं। सुखद ख़बर यहां ये है कि भारत भी इस योजना से पीछे नहीं है। अन्य देशों की 'मिसाइल अटैक' वाली मंशाओं की संभावनाओं के बीच भारत ने भी अंतरिक्ष में अपना पैर जमा दिया है। सिर्फ दशक भर बाद किसी पराए नहीं, स्वनिर्मित 'अतंराष्ट्रीय स्पेस सेंटर' में उतरा करेंगे हमारे भारतीय अंतरिक्ष यात्री। इसके लिए भारतीय वैज्ञानिकों की कोशिशें अंतिम चरण में हैं। कुल मिलाकर अगर ये मिशन 10 सालों में मुकम्मल होता है, तो स्पेस में भी हम सफलता के झंडे गाड़ देंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो द्वारा वर्ष-2035 तक अंतरिक्ष में खुद का 'इंटरनेशनल स्पेस सेंटर' बनाने का ऐलान किया जा चुका है। बीते दिनों बेशक शुभांशु शुक्ला नासा अधिकृत मिशन के जरिए स्पेस सेंटर में उतरे हों, पर भविष्य में जब कोई भारतीय अंतरिक्ष में यात्रा करेगा, तो वह अपने स्पेस सेंटर में ही लैंड करेगा। ऐसी सफलता निश्चित रूप से बदलते हिंदुस्तान की अकल्पनीय, करिश्माई व अनोखी कही जाएगी। पावरफुल देश अंतरिक्ष क्षेत्र को क्यों तवज्जो देने में लगे हैं? क्यों वहां नित नई तकनीकी शक्तियों के विस्तार में जुटे हैं? क्या भविष्य में 'स्पेस स्टेशन' के जरिए मिसाइल अटैक करने की कोई योजनाएं तो नहीं बनाई जा रही हैं? ऐसे तमाम सवाल लोगों के मन में कौंधने लगे हैं। सवाल उठने वाजिब इसलिए भी हैं, क्योंकि मौजूदा वक्त में ज्यादातर देश अपनी लड़ाइयां जमीन को छोड़कर हवाई मिसाइलों से लड़ने लगे हैं। ईरान, इजरायल, गाजा, फिलिस्तीन, यूक्रेन-रूस और अभी हाल में भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव में हुए सीजफायर इसके उदाहरण हैं। शायद वो वक्त दूर नहीं, जब आगामी लड़ाइयों की आहटें हमें सीधे अंतरिक्ष से सुनाई दिया करेंगी। ये बातें बेशक चौंकाने वाली हों, पर ऐसा मुमकिन होता दिखाई पड़ने लगा है। अंतरिक्ष स्टेशनों से युद्ध स्तर पर विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक शोधों में कुछ मुल्क बीते कुछ दशकों से लगे हुए हैं। अभी तक अंतरिक्ष में मात्र दो ही स्पेस स्टेशन हैं।

पहला, 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन' जिसे अमेरिका-रूस व अन्य देशों ने अपने साझा प्रयास से मिलकर तैयार किया है। वहीं, दूसरा स्पेस स्टेशन चीन का निजी है। हालांकि अब रूस, अमेरिका, भारत व एकाध और अन्य मुल्क अपने-अपने निजी 'स्पेस स्टेशन' बनाने के अंतिम चरणों में हैं। अगले 10 साल में भारत के अलावा रूस भी अपना स्पेस स्टेशन स्थापित कर लेगा। मकसद भले ही इन स्पेस स्टेशनों का प्रयोग वैज्ञानिक शोधों के लिए हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं कि इन स्पेस स्टेशनों के जरिए कुछ देश सैटेलाइट्स मिसाइलों से लड़ाइयां लड़ने की जुगत भिड़ा रहे हों? उनके पहुंचने का माध्यम इस बार भले ही 'एक्सिओम मिशन-4' क्यों न रहा हो? लेकिन भविष्य में ये निर्भरता खत्म होने को है। अंतरिक्ष में निजी स्पेस स्टेशन सिर्फ चीन का है, लेकिन उस दिशा में भारत भी करीब पहुंच चुका है। वर्ष 2009 में अमेरिका ने रूस के साथ एक करार किया था, जिसमें उन्होंने अपना अलग स्पेस स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा था। उस प्रस्ताव की प्रासंगिकता अब समझ में आती है। अपने निजी स्पेस स्टेशन के जरिए अमेरिका अंतरिक्ष से मिसाइल से लड़ने की योजना बना रहा है। अंतरिक्ष में भी अपना एकछत्र राज करना चाहता है। धरती से अंतरिक्ष की दूरी करीब 62 मील है, जिसे पूरा करने में 28 घंटे लगते हैं। इतनी दूरी वाली मारक क्षमता वाली मिसाइल अमेरिका तैयार कर रहा है। अंतरिक्ष में 24 घंटे में 16 दफे सूर्योदय और 16 बार सूर्यास्त होता है। 90-90 मिनट की दिन और रातें होती हैं।

अंतरिक्ष स्टेशन 24 घंटे में पृथ्वी के चारों ओर लगभग 16 बार चक्कर लगाते हैं। इन सभी की पड़ताल अमेरिका कर चुका है। सैटेलाइट मिसाइलों का प्रयोग अतंरिक्ष से कैसे हो, इसके लिए नासा की रिसर्च बहुत पहले से जारी है। इसरो और नासा अंतरिक्ष में मानव जीवन, सांस, पानी होने की पड़तालों में भी जुटे हैं।

# 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित

दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

# ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित

प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लोगों में धन की भूख बढ़ी

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसके विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? शायद नहीं। पाप की कमाई से अगर बच्चों का पालन-पोषण किया जाए तो इससे बच्चे पथभ्रष्ट ही होंगे। - विवेक चौधरी, बेमेतरा

## ट्रेंड

### उज्ज्वला योजना



रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व मोदी जी ने देश की करोड़ों बहनों को सौगात देते हुए 12,000 करोड़ की लागत से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हर घर तिरंगा अभियान



इस बार हर घर तिरंगा अभियान और भी है खास आपरेशन सिंदूर से विजय का अद्भुत है अहसास। "हर घर तिरंगा" अभियान के वालेंटियर बनिए। अपने आसपास देशभक्ति के इस राष्ट्र उत्सव का आनंदित वातावरण बनाइए। अपनी जान-पहचान के नागरिकों को इससे जोड़िए।

-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति मंत्री

### अर्थव्यवस्था की रीढ़



खेती-किसानी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ के साथ-साथ हमारी अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की पहचान है। खेतों की हरियाली किसानों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है। हम मेहनतकश किसानों को खुशहाल और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

-हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड

### भाजपाई भ्रष्टाचार



प्रयागराज के नाम पर 20 हजार करोड़ का स्मार्ट सिटी का जो फंड भाजपाई निगल गये, अगर 'महाकुंभ के उस महाकोष' का एक अंश भी सीवर और नाला सफाई में लग जाता तो प्रयागराज का थाना आज तालाब न बनता। ये भाजपाई भ्रष्टाचार है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# भारत पर शुल्क लगाना 'राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा'



व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाना ''राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा'' है, जो नयी दिल्ली के ''रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार'' से जुड़ा है। पिछले सप्ताह, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो सात अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसके तहत रूस से तेल की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया गया। इसके साथ ही कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो अमेरिका द्वारा किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है।

## ऑफ बीट

# कम सामग्री वाले खाद्य पदार्थ अधिक स्वास्थ्यवर्धक होते हैं?



खाद्य पदार्थों की सामग्री को उनके वजन के क्रम में सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। इसका मतलब है कि सूची में सबसे पहले वाली चीजें ही उत्पाद का सबसे बड़ा हिस्सा बनाती हैं। सबसे आखिर वाली चीजें सबसे कम होती हैं। खाद्य लेबल में पोषण संबंधी जानकारी पैनल भी शामिल होता है, जो आपको प्रत्येक बार परोसे जाने पर प्रमुख पोषक तत्वों (ऊर्जा, प्रोटीन, कुल कार्बोहाइड्रेट, शर्करा, कुल वसा, संतृप्त वसा और सोडियम) की मात्रा बताता है। यह पैनल आपको प्रति 100 ग्राम या मिलीलीटर में सामग्री भी बताता है, जिससे आप प्रतिशत की गणना कर सकते हैं। संपूर्ण खाद्य पदार्थों को भी पैक किया जा सकता है।

## संक्षेप

### जेल में मना राखी का त्योहार

**लोहे की सलाखों के बीच भी भाई-बहन के रिश्ते की डोर बनी अटूट**

सुलतानपुर, पुरुष बंदी कारागार में रक्षाबंधन का त्योहार बड़े ही भावुक माहौल में मनाया गया। शनिवार सुबह से ही बहनें अपने भाइयों से मिलने और उनकी कलाई पर राखी बांधने के लिए जेल के बाहर पहुंच गईं। दूर-दराज से आई इन बहनों की आंखों में इंतजार की चमक साफ दिखाई दे रही थी। उनके दिल में अपने भाइयों के लिए दुआएं थीं। कुछ बहनों के हाथों में रंग-बिरंगी राखियां थीं। कुछ की थालियों में मिठाइयां सजी हुई थीं। भीड़ में खड़ी रोशनी ने मुस्कुराते हुए बताया, मैं अपने भाई के लिए राखी और मिठाई लाई हूं। बस उसे देखकर ये दिन सार्थक हो जाएगा। वहीं रागिनी ने भावुक होकर कहा, हमारा भाई-बहन का रिश्ता यूं ही बना रहे। मेरी उम्र भी मेरे भाई को लग जाए। जिला कारागार के गेट पर पुलिस की मुस्तैदी भी देखने लायक थी। लेकिन माहौल में सुरक्षा से ज्यादा भाई-बहन के रिश्ते की गर्माहट महसूस की जा सकती थी। जेल की दीवारों के बीच भी राखी का रंग चढ़ा हुआ था।

### घर गिरने से पत्नी की मौत

**मलबे में दबे थे दंपति, पति का चल रहा इलाज**

सुलतानपुर, कोतवाली देहात क्षेत्र के नरायनपुर मजरे बिसानी गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शनिवार की भोर ढाई बजे पुराना ईंट का कच्चा घर ढहने से एक वृद्धा की मौत हो गई। बिसानी गांव निवासी रामप्यारे यादव (62) और उनकी पत्नी पार्वती देवी (60) रात में अपने घर में सो रहे थे। अधिक बरसात के कारण पुराने कच्चे घर में नमी आ गई थी। इससे जर्जर हुआ घर रात में अचानक गिर गया। ईंट की दीवार वाले कच्चे घर के अंदर सो रहे दंपति मलबे में दब गए। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रात में हुई इस घटना की जानकारी लोगों को देर से मिली। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला चिकित्सालय सुल्तानपुर पहुंचाया। वहां शनिवार की सुबह पांच बजे इलाज के दौरान पार्वती देवी की मौत हो गई। उनके पति रामप्यारे यादव का अस्पताल में इलाज जारी है।

### पीपर गांव के पास सड़क हादसा

**अनियंत्रित बाइक खड्ड में गिरी, युवक के सिर पर गंभीर चोट**

सुलतानपुर, पीपर गांव के निकट एक सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के अनुसार, पीपर गांव निवासी 30 वर्षीय अंकित, जो कन्हैयालाल के पुत्र हैं, अपने दो साथियों के साथ एक ही बाइक पर हरौरा बाजार जा रहे थे। मंजगीर बाबा स्थान के पास जब वे सामने से आ रही कार के बगल से गुजर रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई। इस हादसे में अंकित के सिर पर गंभीर चोट लगी और वह मौके पर ही बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद की और उन्हें सीएचसी धनपतगंज पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अंकित की गंभीर स्थिति को देखते हुए

# रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने 28 ग्राम स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार किये

अमन लेखनी समाचार




रूपईडीहा, बहराइच।भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी एवं रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने गस्त के दौरान 28 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न जगहों से दो अभियुक्तों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के मार्गदर्शन में तथा मेरे नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। चौकी इंचार्ज चिकनिया उपनिरीक्षक यतीन्द्र सिंह ने हमराह पुलिस बल व एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त पेट्रोलिंग के दौरान अभियुक्त को दबोचा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गोपी पुत्र स्व. रामफेरे, निवासी वार्ड नं. 08, साकेर नगर, थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच, उम्र करीब 41 वर्ष के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। वहीं दूसरी मामले में संयुक्त पेट्रोलिंग के दौरान भारत नेपाल सीमा पर पिलर संख्या 651/2 के करीब 100 कदम

भारतीय क्षेत्र से एक नफर अभियुक्त मोहम्मद रिजवान उर्फ सोनू पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी मोहल्ला साकेत नगर कस्बा रूपईडीहा

थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच उम्र करीब 35 वर्ष को 15 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया दोनों अभियुक्तों से 28 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 28 लाख रुपए आंकी गई है। पकड़े गए दोनों अभियुक्त के विरुद्ध थाना रूपईडीहा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। आरोपी को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर, बहराइच रवाना किया गया।

# शिला स्तम्भ बाबागंज पहुंची शहीद नमन यात्रा

## शिला स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को किया नमन



अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। सोमवार को अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन बहराइच द्वारा गत वर्ष की भांति विकासखंड नवाबगंज (बाबागंज) के ब्लॉक परिसर में स्थापित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिला स्तंभ पर शहीद नमन यात्रा पहुंची। यात्रा का नेतृत्व प्रदेश महामंत्री रमेश कुमार मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी राहुल पांडे रहे एवं विशिष्ट अतिथि 283 विधानसभा नानपारा के कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर ए एम सिद्दीकी रहे। कार्यक्रम का संयोजक तहसील नानपारा अध्यक्ष रामदीन गौतम, संगठन शहर अध्यक्ष कामरान सिद्दीकी व कार्यक्रम का संचालन बद्री सिंह ने किया। इस दौरान शिला स्तंभ पर सेनानियों को पुष्प अर्पित करके राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान गाकर शहीदों को शत-शत नमन किया गया। जिस मौके पर सेनानी परिवार के हरिश्चंद्र वर्मा, सत्यदेव साहू, सुखराम साहू, देवेंद्र कुमार मिश्रा, बृजेश कुमार पांडे, हनुमान प्रसाद वर्मा, असगर अली, रामसूरत यादव, जितेंद्र सिंह शाकिर कुरैसी, राजेश कुमार गौतम, अंबर लाल वर्मा, उमेश कुमार गौतम, आदि सेनानी सेनानी परिवार के वंशज उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति शिक्षकों की आपात बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। सीमावर्ती ब्लॉक नवाबगंज के कस्बा बाबागंज में स्थित बीआरसी भवन के मीटिंग हॉल में ब्लॉक नवाबगंज के सेवानिवृत्त शिक्षकों की एक आपात बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पाटन दिन वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने की। बैठक का संचालन मंत्री बनारस गिरी ने किया। मीटिंग का संचालन करते हुए बनारस गिरी ने दयाराम शर्मा जी से आग्रह किया कि आप सदन में सरस्वती वंदना प्रस्तुत करें। दयाराम शर्मा जी ने वंदना की, फिर मीटिंग की कार्रवाई प्रारंभ हुई। मंत्री बनारस गिरी ने उपस्थित सभी शिक्षकों से सत्र 2025 26 की सदस्यता संघर्ष और सहायता कोष की धनराशि जमा करने का निवेदन किया जिसे सभी शिक्षकों ने जल्द से जल्द जमा करने का आश्वासन भी दिया। इसके बाद पेंशन में हो रही कटौती को बंद करने के लिए सदन में उपस्थित अनेक शिक्षकों ने मांग रखी ।शिक्षकों ने कहा कि पेंशन कटौती बंद करने के लिए जो भी आवश्यक कार्यवाही हो वह कार्यवाही ब्लॉक के पदाधिकारी पूर्ण करें। मंत्री बनारस गिरी ने कार्यालय में संपर्क कर निस्तारण का आश्वासन दिया। पुनः पेंशन वृद्धि की एरियर के संबंध में अनेक शिक्षकों ने मांग रखी। कार्यालय से संपर्क कर जल्द से जल्द पेंशन वृद्धि का एरियर शिक्षकों को दिलाया जाए। इन समस्याओं पर गहनता से चर्चा की गई। किन्ही कारण से आज अध्यक्ष महोदय की अनुपस्थिति के कारण इस पर विधिवत चर्चा नहीं हो पाई। पुनः सदन की 18 अगस्त को बैठक बुलाने का प्रस्ताव रखा गया जिसमें अध्यक्ष से एरियर के भुगतान के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा करने का संज्ञान लिय जाने की बात कही गई। मीटिंग के अंत में सभी शिक्षकों ने उत्तरकाशी में दैवीय आपदा में मृतकों के लिए 2 मिनट का श्रद्धांजलि मौन रखा। इसके बाद मीटिंग की कार्रवाई समाप्त की गई। सभी अध्यापकों ने हस्ताक्षर पंजिका पर अपने-अपने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विकासखंड के 50 अध्यापक उपस्थित रहे जिनमें रणदीप सिंह कौशल किशोर श्रीवास्तव बलदेव प्रसाद सूयार्लाल मिश्र चंद्रभूषण मिश्रा श्याम सुंदर पांडे दयाराम शर्मा कपिल देव सिंह दयालाल राम सुमिरन गुप्ता शंकर लाल यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सेंट्रल बैंक रूपईडीहा शाखा में कर्मचारियों के दुर्व्यवहार से ग्राहक परेशान

अमन लेखनी समाचार




रूपईडीहा, बहराइच। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की रूपईडीहा शाखा में ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार और कार्य में सुस्ती की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। नगर के कई लोगों का कहना है कि बैंक में लेन-देन के दौरान स्टाफ का व्यवहार अशोभनीय है और मामूली कारणों से ग्राहकों को घंटों की मेहनत बेकार करनी पड़ती है।रिजवी वस्त्रालय के प्रोपराइटर जाफर इमाम रिजवी ने बताया कि वह बैंक में नकद जमा कराने के लिए लंबे समय तक लाइन में खड़े रहे। जब उनकी बारी आई तो वाउचर में मामूली त्रुटि के कारण उन्हें जमा करने से मना कर दिया गया और बिना सुधार करवाए दोबारा नया वाउचर भरकर लाइन में लगने के लिए कह दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक कर्मचारी ग्राहकों की स्थिति समझने के बजाय उन्हें परेशान करने का रवैया अपनाते हैं।स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि शाखा प्रबंधक अक्सर ब्रांच में मौजूद नहीं रहते और उनकी अनुपस्थिति में समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता।जब इस मामले में शाखा प्रबंधक से पूछा गया तो उन्होंने कहा, ₹मेरे संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं आया है और न ही मुझे इस तरह की शिकायत की जानकारी है।₹ग्राहकों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि शाखा में कार्यप्रणाली को सुधारा जाए और स्टाफ को उपयुक्त व्यवहार के लिए निर्देशित किया जाए, ताकि आम लोगों को बिना वजह परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सड़क हादसे में एक की मौत

- दो भाइयों की बाइक को ट्रक ने टक्कर मारी, दूसरा घायल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी, इन्हौना के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। लखनऊ से घर लौट रहे दो सगे भाइयों की मोटरसाइकिल को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में छोटे भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बड़ा भाई घायल हो गया। प्रतापगढ़ जिले के अतरौरा थाना आसपुर देवसरा निवासी शिव प्रताप पुत्र राजमन पटेल अपने छोटे भाई राजकुमार (22) के साथ लखनऊ से घर वापस आ रहे थे। इन्हौना के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। शिव प्रताप को हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने शव का पंचायतनामा भरकर मर्चरी भेज दिया। शिव प्रताप की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 58/25 धारा 281, 106(1), 125(ं), 125 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। विवेचक एसआई जावेद अहमद ने बताया



कि आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। ट्रक और चालक की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं। घटना के बाद भी मौके पर कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही।

# क्रांति दिवस पर गौरीगंज कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम

**अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा– भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर बना रही गलत वोटर लिस्ट**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, गौरीगंज में कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अध्यक्षता में क्रांति दिवस मनाया गया। इस दिन को भारत के इतिहास में 'अगस्त क्रांति दिवस' के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम में प्रदीप सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि हम सब मिलकर संविधान की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के साथ एक नई क्रांति की शुरूआत करेंगे। सिंघल ने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर गलत वोटर लिस्ट तैयार कर रही है।

उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ सभी एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। कार्यक्रम में अगस्त क्रांति दिवस पर आजादी के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शत्रुघन सिंह, सर्वेश सिंह, राम बरन कश्यप, सुनील सिंह, फिरोज आलम, मतीन अहमद, अरविन्द चतुर्वेदी, धर्मेंद्र तिवारी, सबीना, राम मनोहर पासी, सोनू सिंह, जगन्नाथ यादव, महावीर कोरी, गीता सिंह, श्रद्धा सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बाढ़ के बढ़ते खतरे के कारण मिर्जापुर -ढाईघाट मार्ग बंद

## अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण, सड़क पर तेज बहाव के साथ पानी भरा

अमन लेखनी समाचार



मिर्जापुर, मिर्जापुर जरियनपुर से ढाईघाट मार्ग पर बाढ़ के पानी के बढ़ते स्तर के कारण प्रशासन ने मार्ग को पूर्णतः बंद कर दिया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भवरे दीक्षा अरुण ने संयुक्त रूप से मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मार्ग पर आसपास के नदी-नालों और बाढ़ के पानी का अत्यधिक दबाव है। इसके कारण सड़क पर तेज बहाव के साथ पानी भर गया है। इस स्थिति में राहगीरों, ग्रामीणों और वाहनों के फिसलने या बहाव में फंसने का खतरा बढ़ गया है। जन-जीवन की सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अधिकारियों ने मार्ग को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया। मार्ग के दोनों छोर पर बैरिकेडिंग कर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। इससे कोई भी नागरिक अनजाने में इस मार्ग का उपयोग न कर सके। निरीक्षण और मार्ग बंद करने की कार्यवाही के दौरान एसडीएम कलान अभिषेक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कलान प्रभाष चंद्र, एसओ मिर्जापुर सोनी शुक्ला और एसडीआरएफ की टीम मौजूद रही। एसडीआरएफ टीम को प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी रखने और आपातकालीन बचाव उपकरणों के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए गए। प्रशासन और पुलिस विभाग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर निगरानी कर रहे हैं। जल स्तर की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे बाढ़ के पानी वाले क्षेत्रों से दूर रहें और अनावश्यक यात्रा न करें। प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। मिर्जापुर क्षेत्र के गंगा नदी के किनारे बसे गांव आजाद नगला, इस्लाम नगर, मस्जिद नगला, पैलानी उत्तर, बांसखेड़ा, कटैला नगला, लुहार नगला, मोती नगला, अभिचारपुर आदि दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इसके साथ ही रामगंगा नदी का भी जल स्तर बढ़ने लगा है।

# 20 घंटे बाद मिला बाढ़ में डूबी मासूम का शव

**500 मीटर दूर गन्ने के खेत में मिली बॉडी, परिवार के साथ बह गई थी बच्ची**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गुटेटी उत्तर गांव के पास गंगा नदी की बाढ़ में डूबी 4 साल की मासूम बच्ची काजू का शव 20 घंटे की तलाश के बाद बरामद हुआ। शव घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर गन्ने के खेत में मिला। बह गया था पूरा परिवार रविवार दोपहर करीब तीन बजे काजू अपने पिता पाल सिंह, मां रोली और बड़ी बहन संगीता के साथ अपने ननिहाल पहाड़पुर से वापस लौट रही थी। परिवार के चारो लोग एक ही बाइक पर सवार थे। लौटते समय जलालाबाद-शमशाबाद मार्ग पर गुटेटी उत्तर गांव के समीप बनी डिपर पर गंगा नदी में आई बाढ़ के तेज बहाव में उनकी बाइक बह गई। मां की डूबने से हो गई थी मौत इस हादसे में काजू और उसकी मां रोली की डूबकर मौत हो गई। पिता पाल सिंह और बहन संगीता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। पुलिस ने रोली के शव को रविवार को ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। घटना के बाद पुलिस और गोताखोरों की टीम बच्ची काजू के शव को खोज रही थी। 20 घंटे की तलाश के बाद मिला काजू का शव लगभग 20 घंटे की तलाश के बाद गोताखोर को काजू का शव घटनास्थल से 500 मीटर दूर गन्ने के खेत में लगे तार में फंसा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। काजू के पिता पाल सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी और दोनों बेटियों के साथ बाइक से ससुराल से होकर कासगंज जिले के गांव चौकी अपने घर जा रहे थे। अचानक डिप पर पानी के तेज बहाव में बाइक बह गई। इस हादसे में उनकी पत्नी और बेटी काजू की मौत हो गई। उन्होंने बेटी को बचाने की कोशिश की लेकिन वह असफल रहे।

तहसीलदार सृजित कुमार ने बताया कि बच्ची का शव मिल गया है और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# युवती ने की आत्महत्या

**कमरे में साड़ी के सहारे लगाई फांसी, फरवरी 2026 में होनी थी शादी; पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। सुबह 24 वर्षीय युवती शीला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसके माता-पिता खेतों में काम करने गए थे। जानकारी के अनुसार, मुड़हा गांव निवासी चंद्रपाल अपनी पत्नी के साथ खेत पर गए थे। घर पर उनकी बेटी शीला अकेली थी। लगभग आधे घंटे बाद परिजनों को सूचना मिली कि शीला ने कमरे में झरोखे के बीच रखे बांस से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत घर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। मौके पर महिला कांस्टेबल के साथ उपनिरीक्षक श्रीराम मिश्र और अशोक कुमार पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका छह भाई-बहनों में चौथे नंबर की थी। उसकी शादी 25 फरवरी 2026 को तय थी। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शराब के पैसे को लेकर हुई थी युवक की हत्या

**अमेठी में बीच सड़क आरोपी ने मारा था चाकू, पुलिस ने किया गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, शराब के पैसे को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी रामबहादुर को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से हत्या में प्रयुक्त मछली काटने वाला चाकू और मोटरसाइकिल बरामद की है। यह घटना जामो थाना क्षेत्र के पूरे चितई गांव की है। राजेश चाय पीने चौराहे पर गया था। वापस आते समय रामबहादुर ने उस पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने राजेश के परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने रामबहादुर को गांव के बाहर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 5 अगस्त को शराब खरीदने और पीने की बात को लेकर राजेश से उसका विवाद हुआ था। इस विवाद में राजेश ने उसे मारा था। जब वह घर जा रहा था, तब राजेश ने रास्ते में फिर से उसकी मोटरसाइकिल पर ईंट से मारते हुए उसकी बेइज्जती की थी। इसी अपमान का बदला लेने के लिए रामबहादुर ने घर से मछली काटने वाला चाकू लेकर अपनी मोटरसाइकिल (नंबर यूपी 36 ए 0131) से चितई चौराहा के पास राजेश के वापस आने का इंतजार किया। जब राजेश वापस आया तो रामबहादुर ने पीछे से जाकर चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी और मोटरसाइकिल से भाग गया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चितई रोड के किनारे पानी से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है।

## संक्षेप

### बच्चों ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

**स्कूली छात्रों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिसकर्मियों का किया सम्मान, बैंक कर्मचारियों को भी बांधी राखी**

बुलंदशहर, जहाँगीराबाद क्षेत्र के लॉर्ड कृष्णा इंटर कॉलेज शेखूपुर रोरा में राखी का त्योहार उत्साह और प्रेम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने स्वयं बनाई राखियां लेकर कोतवाली पहुंचे।वहां उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनका सम्मान किया।स्कूल के प्रबंधक कपिल चौधरी ने कहा कि इस दिन हमने पुलिस कर्मियों के प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए राखी का त्योहार मनाया। उपप्रधानाचार्य मयंक मिश्रा ने कहा कि पुलिसकर्मी देश की सीमा की रक्षा करने वाले सिपाहियों के समान देश की आंतरिक सुरक्षा की रखवाली करते हैं। इसके अलावा प्रहलाद स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राएं भारतीय स्टेट बैंक पहुंचीं। वहां उन्होंने बैंक कर्मचारियों को राखी बांधी।

### बुलंदशहर में बदमाशों से मुठभेड़

**एक बदमाश घायल, दो गिरफ्तार; अवैध हथियार और लूटी हुई सोने की चैन बरामद**

बुलंदशहर, अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिकंदराबाद पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। बीती रात को थाना सिकंदराबाद पुलिस टीम जेवर अड्डे के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर वे नहीं रुके और बाइक को तेजी से मोड़कर चोला रोड की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बदमाशों ने बाइक प्राणगढ़ जाने वाले कच्चे रास्ते पर मोड़ दी। कुछ दूरी पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। अपने आप को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश शिवम पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने शिवम और उसके साथी रोहित को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों गिरफ्तार अपराधी शिवम पुत्र महेंद्र और रोहित पुत्र दीप चंद, मोहल्ला रामबाड़ा, कस्बा सिकंदराबाद, बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

### युवक पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**दो सप्ताह से फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, पिस्टल बरामद**

मोदीनगर, कृष्णाकुंज कॉलोनी में हुए हमले का आरोपी दीपक को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल की गई पिस्टल भी बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी दीपक पिछले दो सप्ताह से फरार था। उसे तिबड़ा रजवाहे के पास से पकड़ा गया। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस टीमें आरोपी की तलाश में लगी थीं। घटना 24 जुलाई को हुई थी जब आरोपी दीपक ने कृष्णाकुंज कॉलोनी निवासी रामकरण पर फायरिंग की थी।

## ग्राम प्रधान ने पेश की अनूठी मिसाल, रक्षाबंधन उत्सव में 56 बहनों ने बांधा रक्षासूत्र

**बहनों के सपनों की रक्षा करना मेरी पहली प्राथमिकता:अनुज द्विवेदी**

अमन लेखनी समाचार



गरौठा,झांसी। तीन बार मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित बामौर विकासखंड की ग्राम पंचायत नागर के ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी ने एक अनोखी मिसाल पेश की है ।रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत भवन नागर के परिसर में 56 बहनों के रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नागर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी ने 56 बहिनों से राखी बंधवाकर इस परंपरा को सम्मानित किया। सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर बहनों का आना-जाना जारी रहा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने तिलक,आरती और मिठाई के साथ राखी बांधी। उन्होंने ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी के दीघार्यु और सफलता की कामना की एवं राखी बांधकर स्नेह और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं,बल्कि भाई-बहिन के अटूट विश्वास,प्रेम और संरक्षण का प्रतीक है। यह सुरक्षा,सम्मान, भरोसा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा,₹राखी सिर्फ एक धागा नहीं है ।यह उस भरोसे का प्रतीक है जो हमारी बहनों का हम पर है। उनके सपनों की रक्षा करना और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना ही मेरी प्राथमिकता है। इस अवसर पर सभी बहनों को ग्राम प्रधान की ओर से उपहार भी प्रदान किये गए ।हाथों में राखियों से लिपटे ग्राम प्रधान को देखकर माहौल भावुक और उत्साहपूर्ण हो गया। ग्राम प्रधान ने सभी बहिनों का आभार व्यक्त किया और सभी बहनों के सुख,समृद्धि और सुरक्षा का संकल्प दोहराया। ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी द्वारा गांव की सभी बहन - बेटियों की शादी में निरंतर सहयोग किया जाता है। रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम में उन सभी बहनों को आमंत्रित गया था जिनके विवाह में ग्राम प्रधान ने सहयोग देकर उन्हें बहन बेटी के रूप में विदा किया था ।इसी वर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन में ग्राम प्रधान द्वारा गांव की पांच बेटियों की शादी की गई थी ।उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि अगले वर्ष ये संख्या और अधिक बढ़े। कार्यक्रम मे भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोहा ।इस अवसर पर सभी बहिनों एवं ग्रामवासियों के लिए ग्राम प्रधान की ओर से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया ।इस अवसर पर जगजीवन जे.जे. मिश्रा,रमेश पटेरिया मिंटू, बृजपाल सिंह,पूरन अहिरवार,दिनेश पटवा, करन सिंह,कैलाश पाल,राजू शर्मा, राघव महाराज, सावउद्दीन, रामपाल, धर्मेंद्र अहिरवार,रामप्रसाद पटेल, राहुल पटेल,रंजीत अहिरवार, दीपू शर्मा,कमलेश कुशवाहा,नरेंद्र कुशवाहा समेत सैकड़ो लोग एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## प्रेमी से विवाद के बाद नाबालिग ने लगाई फांसी

**लड़की के मोबाइल से मिली विवाद की जानकारी, गांव के ही लड़के से करती थी बात**

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, नाबालिग लड़की ने सुसाइड कर लिया। मौत से पहले उसका अपने बॉयफ्रेंड से झगड़ा हुआ था। लड़की के परिजनों ने बताया कि वह हाईस्कूल पास थी और गांव के ही एक लड़के से बात करती थी। उन्होंने कई बार रोक-टोक की, लेकिन लड़की चुपके से बात करती रही। जिससे विवाद के बाद उसने यह कदम उठाया। धूमनगंज थाना निवासी लड़की के परिजनों ने बताया कि वह हाईस्कूल पास थी और गांव के ही एक लड़के से बात करती थी। उन्होंने कई बार रोक-टोक की, लेकिन लड़की चुपके से बात करती रही। रविवार को दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। वह घर पर अकेली थी उसकी मां छत पर काम कर रही थी, इसी दौरान उसने फांसी लगा ली। लड़की के पिता ने रोते हुए बताया कि उन्होंने मेहनत-मजदूरी करके अपने बच्चों को पाला था, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनकी बेटी ऐसा कदम उठाएगी। मौके पर मोबाइल मिला जिसमें कॉल डिटेल के माध्यम से जानकारी मिली कि वह गांव के ही एक लड़के से बात करती थी, जिससे उसका विवाद हुआ था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लड़की दो लड़कों और दो लड़कियों में बीच की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। प्रशासन ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन परिजनों का कहना है कि लड़के की गलती अगर जांच में सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे

## शिक्षा अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद भी कार्यवाही न होना सरकार के साथ धोखा.....?

अमन लेखनी समाचार

झांसी। झांसी जनपद में शिक्षा विभाग के अधिकारियों,माफियाओं की मिलीभगत के चलते गुरसरांय नगर से लेकर पूरे ग्रामीण क्षेत्रों और कई जगह छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है तो दूसरी ओर अभिभावकों की जेब पर ऊँची फीस और आने-जाने के लिए वाहन सुविधा से लेकर किताबों की खरीद,ड्रेस इत्यादि के नाम पर शोषण किया जा रहा है। हालात इतनी बिगड़ गयी है कि मनमाफिक फीस बच्चों द्वारा न देने पर बच्चों को शिक्षा के मंदिर से भगा दिया जाता है और हफ़्तो-हफ़्तो अभिभावकों से लेकर छात्र-छात्राओं इन प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में चक्कर लगाते रहते हैं लेकिन उन्हें स्कूल से बाहर भगा दिया जाता है तो दूसरी ओर आवागमन के लिए जो वाहन शिक्षण संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे हैं वह बिना फिटनेस से लेकर गैस से संचालित होते हैं जो कभी भी बहुत बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे हैं तो दूसरी ओर आम जनता से लेकर अभिभावकों और बार-बार अखबार में छपने के बाद से लेकर विधायक द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा शिक्षा संबंधी व शिक्षक संबंधी जानकारियां मांगने पर उन्हें उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं। ऐसा वाक्या पिछले दिनों गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत द्वारा जिले के शिक्षा अधिकारियों से कुछ बिंदुओं पर जानकारी मांगी वह शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने नहीं दी। ऐसा मामला प्रमुख अखबारों में छपने के बाद भी कोई कार्यवाही न होना यहां तक की बामौर विकासखण्ड के एक सरकारी स्कूल को समय के भीतर ही बंद कर शिक्षण कार्यों में जबरदस्त लापरवाही सामने आने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मीडिया की शिकायत पर मीडिया से वीडियो इत्यादि जानकारी चाही थी लेकिन उपलब्ध कराने के बाद भी कार्यवाही न होना लग रहा है ।शिक्षा अधिकारियों और शिक्षा माफियाओं की मिली भगत के चलते उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा



विभाग के अधिकारियों को ऊंची पगार और सभी प्रकार की सुविधाएं मिलने के बाद भी जिला प्रशासन से लेकर योगी सरकार का जरा भी खौफ झांसी जिले के चाहे बेसिक शिक्षा अधिकारी या जिला विद्यालय निरीक्षक हो इनकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ रहा है और वह सरकार के समांतर अपने व्यक्तिगत समांतर सरकार चलाकर उत्तर प्रदेश शासन को लग रहा है अंगूठा दिखा रहे हैं। बताते चलें आज 11 अगस्त 2025 सोमवार को गुरसरांय के श्री महावीर बाल शिक्षा संस्कार केंद्र इंटर कॉलेज पर दर्जनों ग्रामीण आये और उन्होंने कहा नियम विरुद्ध मनमाफिक प्रति छात्र एक हजार रुपये फीस और अतिरिक्तएडमिशन फीस के अलावा गैस से संचालित होने वाले वाहनों की फीस प्रति माह लेने के बाद भी हफ़्तो से बच्चों को वाहन स्कूल नही ला रहे है जबकि यह वाहन अधिकांश समय स्कूल के आसपास देखे जा सकते हैं इस सबंध में छात्रों के अभिभावकों रामपाल, भान सिंह, मानवेन्द्र सिंह,जितेंद्र,राकेश कुमार, मलखान सिंह सहित दर्जनों अभिभावकों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य से आपबीती बताई लेकिन श्री महावीर बाल शिक्षा संस्कार केंद्र इंटर कॉलेज के कमेटी के प्रमुख लोगों से लेकर कोई भी शिक्षक उत्तर देने की स्थिति में नहीं दिखा उल्टा बाद में मीडिया के पास कुछ अध्यापक लोग आए और अपनी दबी जवान से नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मुझे भी सालों गुजर गए लेकिन वेतन के नाम पर केवल छः हजार रुपये दिया जाता है और जिसका जिंदा प्रमाण श्री महावीर बाल शिक्षा संस्कार केंद्र इंटर कॉलेज के केजी से लेकर इंटर कॉलेज तक किसी भी अध्यापक को वेतन बैंक के माध्यम से न देकर प्रबंध कार्यकारिणी अपनी काली करतूतों पर पर्दा डाल रहा है। और आर्थिक रूप से तंगी छात्रों उनके अभिभावकों के सामने इस समय एक ही विकल्प है कि किसी सरकारी अथवा खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय में एडमिशन मिल जाए क्योंकि यहां मात्र प्रति छात्र पच्चीस रुपये फीस ली जाती है और बेहतरीन शिक्षा से लेकर खेलकूद की व्यवस्थाएं हैं लेकिन उनको वहां जगह भर जाने से एडमिशन नहीं मिल पा रहा है। आज उक्त अभिभावक और मीडिया के लोग जब खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और खण्ड शिक्षा अधिकारी गुरसरांय को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम का ज्ञापन सौंप कर ए टू जेड बड़े पैमाने पर हो रही अनियमितताओं को बताया खण्ड शिक्षा अधिकारी से जब मीडिया के लोगों ने पूँछा कि आपकी जानकारी में उक्त अनियमितताओं को रखा गया है और स्वयं आप जानते हैं तो फिर शासन के नियमानुसार कार्यवाही क्यों नहीं। इस पर वह अपने को बचते नजर आये और कहा कि प्राइवेट स्कूल है वह चाहे जितनी फीस ले सकते हैं और चाहे गैस का वाहन हो या अन्य वाहन वह चला सकते है फिर भी मैंने आरटीओ झांसी को इस संबंध में फिटनेस से लेकर गैस से संचालित होने वाले स्कूली वाहनों की जाँच व कार्यवाही को लिखा है इससे लग रहा था कि खण्ड शिक्षा अधिकारी भी गैरकानूनी संचालित शिक्षण संस्थानों से कहीं न कहीं प्रभावित है। इस प्रकार गुरसरांय में किड्स एकेडमी,बीएल शिवहरे हाईस्कूल,श्री महावीर बाल शिक्षा संस्कार इंग्लिश मीडियम स्कूल से लेकर कई स्कूल इस प्रकार से संचालित हो रहे हैं और इसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों का बहुत बड़ा हाथ संरक्षण देने में दिख रहा है जिससे सरकार की मंशा हर गरीब-अमीर-बच्चों को बेहतरीन शिक्षा कृष्ण सुदामा पद्धति से मिल सके। अरबों रूपया खर्च करने के बाद भी सरकारी प्राइमरी स्कूल में खण्ड शिक्षा अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और माध्यमिक विद्यालय में जिला विद्यालय निरीक्षक की भारी अनियमितता उजागर होती दिख रही है और सरकार कोई एक्शन नहीं ले पा रही है। क्षेत्र के जागरूक लोगों ने शासन से इस संबंध में जल्द बड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश गिरफ्तार

- 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालकर पुलिस ने पकड़ा, नोएडा-दिल्ली में करते थे लूट

अमन लेखनी समाचार



जेवर, ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मध्यप्रदेश निवासी विवेक शर्मा और आगरा निवासी विपिन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों बदमाश नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में टप्पेमारी कर लूट की वारदातें करते थे। पुलिस ने दनकौर से दिल्ली तक 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद इन बदमाशों तक पहुंचने में सफलता पाई। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इन बदमाशों का एक विशेष तरीका था। तीन बदमाश एक कार में सवार होकर परी चौक के आसपास खड़े हो जाते थे। एक बदमाश सवारी बनकर कार में बैठा रहता था। अन्य दो बदमाश सवारी की तलाश करते थे। वे झांसे में लेकर राहगीरों को कार में बैठा लेते थे। कार में डाक पार्सल और बीपी कोरियर की पीली फाइल रखते थे। अधिकारियों की चेकिंग का बहाना बनाकर राहगीरों से पैसे और सोने के गहने लिफाफे में रखवाकर बदल लेते थे। विरोध करने पर वे तमंचा दिखाकर लूट करते और फिर पीड़ित को एक्सप्रेसवे पर सुनसान जगह फेंककर फरार हो जाते थे। आरोपियों ने पूछताछ में दिल्ली समेत एनसीआर में करीब ढाई सौ से अधिक आपराधिक घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे और 6 कारतूस भी बरामद किए हैं। इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

## स्याना हिंसा के दोषियों से मिले भाजपा विधायक

**वोट बैंक बचाने की कोशिश, परिजनों में नेताओं के खिलाफ आक्रोश**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, स्याना के चिंगरावठी में हुई हिंसा के आरोपियों को सजा के बाद अब राजनीतिक माहौल गरमा गया है। एक तरफ जहां हिंसा के दोषियों के परिजनों में पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी है तो वहीं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी आक्रोश उनके चेहरे से झलक रहा है। इसी आक्रोश को शांत करने के लिए भाजपा के 4 विधायकों को एक साथ जेल में जाकर इन दोषियों से मुलाकात करनी पड़ी और सोशल मीडिया के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की गई कि वह आपके साथ खड़े हैं। स्याना हिंसा के अधिकांश दोषी भाजपा की विचारधारा से प्रभावित हैं। इसके अलावा इन दोषियों की जातियों को अगर देखें तो यह भी भाजपा का कोर वोट बैंक है। स्याना हिंसा के 38 दोषियों में अधिकांश लोध राजपुत बिरादरी के हैं, जो भाजपा का एकतरफा वोट बैंक है। इसके अलावा इसमें जाट, ब्राह्मण, वैश्य, ठाकुर आदि बिरादरी से भी दोषी सिद्ध हुए हैं, यह वोट बैंक भी भाजपा को ही मतदान करता है। स्याना हिंसा के आरोपियों को पंचायत चुनाव से कुछ महीने पहले सजा हुई है। इसके कारण स्याना समेत जिलेभर के भाजपा के वोट बैंक में एक तरह से निराशा का संदेश गया है। सजा के वक्त दोषियों के परिजन कोर्ट परिसर में भाजपा नेताओं के खिलाफ बयानबाजी भी करते देखे गए। कोर्ट ने स्याना हिंसा के आरोपियों को सजा सुनाते हुए उन्हें बेशक दोषी करार दिया है लेकिन क्षेत्र में उनके प्रति सहानुभूति की लहर है। लोगों का मानना है कि हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने भीड़ को उकसा दिया, जिसके कारण इतनी बड़ी हिंसा हुई। लेकिन अब जब इन्हें कोर्ट सजा सुना रहा है तो कोई मदद भी इनकी नही कर रहा है। स्याना हिंसा के दोषियों के वकील एडवोकेट अशोक डागर ने बताया कि अब वह हाईकोर्ट का रुख करेंगे। उनका कहना है कि वह पुलिस की विवेचना से संतुष्ट नहीं है।

## जमीन विवाद में मारपीट

**दो पक्षों में हिंसक झड़प, लाठी-डंडे और फरसे चले; पिता-बेटा घायल**

अमन लेखनी समाचार



जेवर, दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सुहेड़ी मोमदीनपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान लोहे के फरसे और लाठी-डंडों से हमले में एक पक्ष के पिता-पुत्र घायल हो गए। दोनों का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित विजयपाल ने पुलिस को बताया कि लगभग 40 वर्ष पहले उनके भाइयों के बीच पैतृक जमीन का बंटवारा हो गया था। उनका आरोप है कि उनके भाई की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इसका फायदा उठाकर गांव के ही एक व्यक्ति ने उनके भाई से उनकी जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। आरोपी पक्ष उनकी जमीन पर कब्जा करने लगा। जब विजयपाल ने विरोध किया तो आरोपियों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उनके घर पर हमला कर दिया। इस हमले में विजयपाल और उनके बेटे नरेंद्र घायल हो गए। नरेंद्र को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जगदीश, विकास उर्फ प्रधान, रामोतार, राघवेंद्र और सुनीता समेत 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## तिरंगा यात्रा में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब

**जलालाबाद में भाजपा ने महाराणा निकाली यात्रा, भारत माता के लगे जयकारे**

अमन लेखनी समाचार



जलालाबाद, जलालाबाद शाहजहांपुर में भाजपा कार्यकताओं द्वारा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा ग्रामीण क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक याकूबपुर चौराहे से प्रारंभ हुई और कोला मोड होते हुए वापस महाराणा प्रताप चौक पर संपन्न हुई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति का संदेश प्रसारित करना और ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को श्रद्धांजलि देना था। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में मुख्य अतिथि विनय शर्मा और अभिषेक सिंह ठिगरी ने भारत माता के उदघोष के साथ शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा में महिला मोर्चा की सदस्याएं, भाजपा के पदाधिकारी, ग्रामीण क्षेत्र व नगर के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यात्रा की व्यवस्था को सफल बनाने में भाजपा महामंत्री अजय सिंह चंदेल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, देवेश पांडे, दिनेश सिंह राठौड़, केशव मिश्रा, गौरव प्रताप राघव, महिला मोर्चा से सुनीता, रोशनी सिंह, प्रीती देवी, रूबी देवी, अर्चना देवी, गुड्डी देवी, ऊषा देवी और निवर्तमान विधायक शरदवीर सिंह सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान सड़कों पर देशभक्ति के नारे गूंजते रहे और तिरंगे के साथ कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ मार्च किया। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश प्रसारित हुआ।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने सोसाइटियों पर 2.42 लाख का जुर्माना लगाया

**कूड़े को समय से न फेंकने पर एक्शन, जानें किस सोसाइटी पर कितना फाइन लगा**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के साथ जुमार्ना लगाने की कार्रवाई कर रही है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहां कूड़े के निस्तारण की जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी 2016 के तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चार सोसाइटियों में कूड़े के निस्तारण की जांच की। टीम ने सेक्टर टेकजोन-4 स्थित जेएम फ्लोरेंस, गैलेक्सी वेगा, आम्रपाली सेंचुरियन पार्क टैरिस होम और आम्रपाली लेजर वैली सोसाइटी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कूड़े का उचित निस्तारण न करने पर जेएम फ्लोरेंस पर 20,200 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। गैलेक्सी वेगा सोसाइटी पर 40,000 रुपये का जुमार्ना लगा। आम्रपाली सेंचुरियन पार्क टैरिस होम पर 20,200 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। आम्रपाली लेजर वैली सोसाइटी पर सबसे अधिक 1,61,600 रुपये का जुमार्ना लगा। आम्रपाली लेजर वैली के स्टाफ ने चालान रिसीव करने से मना कर दिया। इसके बाद टीम ने सोसाइटी के गेट पर चालान चस्पा कर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कूड़े के निस्तारण को लेकर सघन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## संक्षेप

### जिला स्तरीय लोकनृत्य, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने दिखाया हुनर

अमन लेखनी समाचार

महोबा। राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय लोकनृत्य, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की कक्षा 10 की छात्रा इकरा ने प्रथम व पंडित दीनदयाल राजकीय माध्यमिक विद्यालय कनकुआ के छात्र नितेश ने द्वितीय तथा इसी विद्यालय के बबलू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक विद्यालय कनकुआ की छात्रा चांदनी ने प्रथम एवं इसी विद्यालय की सविता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने उपहार देकर पुरस्कृत किया एवं बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका नीलम सोनी, हर कुंवर, शबाना सिद्दीकी, आसाराम, राम प्यारी, रश्मि श्रीवास्तव, नीरज प्रभा निगम आदि ने निभाई। इस मौके पर शिक्षक अभिभावक संघ की अध्यक्ष रंजन धुरिया ने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छतोह में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद, रायबरेली। छतोह ब्लॉक के अधिकारियों, कर्मचारियों और सरकारी स्कूल के बच्चों द्वारा सोमवार 11 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। ब्लॉक परिसर में सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायक, मनरेगा के रोजगार सहायक, सफाई कर्मी तथा अन्य संविदा कर्मी एकत्र हुए।

# जलभराव की समस्या से जूझ रहे पनवाड़ी ब्लाक के रावगढ़ के ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार



महोबा। विकासखंड पनवाड़ी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बैंदो के मोहल्ला रावगढ़ में लाखों रुपये की लागत से बनी सीसी सड़क बारिश के पानी के चलते जलभराव के कारण लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। जिस सड़क का निर्माण आवागमन को सुगम बनाने और विकास की तस्वीर बदलने के लिए किया गया था ह वही अब स्थानीय निवासियों के लिए जी का जंजाल साबित हो रही है। ग्राम पंचायत द्वारा कुछ समय पहले मोहल्ला रावगढ़ में लोगों की वर्षों पुरानी आवागमन की समस्या को देखते हुए सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। निर्माण के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और उम्मीद जताई कि अब बरसात में भी उन्हें कीचड़ और गड्ढों से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। लेकिन वास्तविकता इससे उलट निकली। बरसात शुरू होते ही सड़क पर पानी भरने लगा और कुछ ही दिनों में यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क निर्माण के दौरान जल निकासी की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई। नालियां अधूरी छोड़ दी गई या कहीं-कहीं बनाई ही नहीं गई। नतीजा यह हुआ कि बारिश का पानी निकलने का कोई रास्ता न होने से पूरी सड़क तालाब में बदल गई है। मोहल्ले के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं इस जलभराव से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। बच्चे स्कूल जाने में भीग जाते हैं, बुजुर्ग फिसलन और चोट लगने के डर से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। पानी कई दिनों से जमा होने के कारण उसमें बदबू आने लगी है और मच्छरों, जहरीले कीड़ों तथा बरसाती कीटों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे डेंगू, मलेरिया, त्वचा संक्रमण जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। मोहल्लेवासी बताते हैं कि रात में सांप-बिच्छू जैसे खतरनाक जीव भी पानी में देखे जा रहे हैं जिससे लोगों में भय का माहौल है।

स्थानीय निवासी रामप्रसाद ने बताया ह सड़क बनने के बाद हमें लगा था कि अब हमारी परेशानियां खत्म हो जाएंगी लेकिन यह तो और बढ़ गई हैं। बरसात शुरू होते ही घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार बच्चों को गोद में उठाकर पानी पार कराना पड़ता है। वहीं एक अन्य निवासी मीरा देवी का कहना है कि ग्राम पंचायत ने निर्माण तो करा दिया लेकिन जल निकासी की व्यवस्था नहीं की। जिम्मेदार लोग सिर्फ काम दिखाने के लिए कर रहे हैं और गुणवत्ता और सुविधा पर ध्यान नहीं देते। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण में जल्दबाजी और लापरवाही बरती गई। उन्होंने कई बार पंचायत और संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द नालियों का निर्माण कर पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए, अन्यथा बरसात के पूरे मौसम में उन्हें इसी मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार संबंधित विभाग को जलभराव की समस्या की सूचना दी जा चुकी है। जल्द ही निरीक्षण कर समाधान निकालने की बात कही गई है। हालांकि तब तक मोहल्ले के लोगों को बरसाती जलभराव, कीट-पतंगों और बीमारी के खतरे के बीच ही रहना होगा।

## दिव्यांगजन के लिए एक दिवसीय रोजगार मेला का किया जा रहा आयोजन



अमन लेखनी समाचार

महोबा। मिशन निदेशक कौशल विकास मिशन लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में दिव्यांगजन रोजगार अभियान के तहत आगामी 13 अगस्त को जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में दिव्यांगजन के लिए एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिष्ठित कंम्पनियों एलआईसी, अशोक लीलेनड, हीरो कंपनी इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। कम्पनी द्वारा रिक्त पद जैसे डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, टेलीकॉलर आदि पदों को भरा जाना है। रोजगार मेला में जॉब सीकरों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आई0टी0आई0 इच्छुक दिव्यांग अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस अवसर का लाभ उठायें।

## रामसेवक तिवारी एंड पार्टी द्वारा मांडो की लड़ाई के नाटक की दी गई शानदार प्रस्तुति

अमन लेखनी समाचार

महोबा। महोबा संरक्षण एवं विकास समिति के तत्वाधान में आयोजित कजली मेला महोत्सव के अंतर्गत कीरत सागर सांस्कृतिक मंच में आयोजित कार्यक्रम का कल शाम जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा एवं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को कजली मेले कि शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा महोबा अपनी वीरता और शौर्य के लिए जाना जाता है। कजली मेला उत्तर भारत का अति प्राचीन एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मेला है ह आल्हा एवं ऊदल ने जिले का नाम अपने महत्वपूर्ण कार्यों में वीरता से रोशन किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सर्वप्रथम सेंट जोसेफ स्कूल के बच्चों द्वारा मां चन्द्रिका वंदना, संगीता तिवारी द्वारा लोक गायन, अबोध सोनी संगीताचार्य द्वारा स्वागत गीत, ज्ञानेश्वर ज्ञानी लखनऊ द्वारा मन मन में राम गीत की शानदार प्रस्तुति की गई। इसके पश्चात उमाशंकर सेन एवं ब्रजेन्द्र कुमार के द्वारा आल्हा गायन, आल्हा उदल के इतिहास से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात सरिता यादव लखनऊ के द्वारा लोकनृत्य एवं रामसेवक तिवारी एंड पार्टी द्वारा मांडो की लड़ाई के नाटक की शानदार प्रस्तुति भी की गई। इसके पश्चात स्वरांजलि ग्रुप की कविता पौडवाल द्वारा भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उप जिलाधिकारी सदर एवं अन्य उपजिलाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वीर आल्हा ऊदल ने 52 गढों पर फहराई है विजय पताका- अधिवक्ता सीमा पटनाहा

### भारत सरकार की आधिकारिक अधिवक्ता ने आल्हा मंच का किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



महोबा। बुन्देलखण्ड के वीरभूमि महोबा में चल रहे एतिहासिक कजली महोत्सव में साँस्कृतिक आल्हा मंच का उद्घाटन सुग्रीम कोर्ट में भारत सरकार व मध्य प्रदेश सरकार की आधिकारिक अधिवक्ता किसान हितैसी सीमा पटनाहा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापण व दीप प्रज्जलित कर किया। सीमा पटनाहा वर्तमान में बार काउंसिल ऑफ इंडिया में अनुशासन समिति की सदस्य एंव सामाजिक आधिकारिक मंत्रालय और भारतीय विमान पत्तन में भी आधिकारिक अधिवक्ता है जो समूचे देश मे दोनों मंत्रालय के कार्य देखती है। इस दौरान उन्होंने कहा कि महोबा वीरों की भूमि है जहाँ आल्हा ऊदल जैसे वीर योद्धाओं ने जन्म लिया। कहा कि महोबा की वीर गाथा विश्व प्रसिद्ध है। उन्होंने वीरभूमि को नमन करते हुए कहा कि वीर आल्हा ऊदल ने 52 गढों पर विजय पताका फहराई है जिसमे कीरत सागर की लड़ाई महत्तपूर्ण है ह उन्होंने दिल्ली के राजा पृथ्वीराज चौहान को शिकस्त देकर विजय प्राप्त की थी। कहा कि ऐसे वीरो की वीरगाथा को हमे संजो कर रखना चाहिए। उन्होंने कहा की आल्हा मंच के माध्यम से उनकी वीरगाथा को संजोए रखने में आल्हा मंच के अध्यक्ष शरद दाऊ तिवारी का महत्यपूर्ण योगदान है ह जिन्होंने न केवल महोबा की वीर गाथा को पुराने आल्हा मंच में आल्हा गायक कवियों के माध्यम से वीरो की गाथा को जन जन तक पहुँचाया बल्कि बुन्देलखण्ड की तमुरा ,बासुरी धुन, बुंदेली लोकगीतों, तंरयाई ढिमरयाई आदि विधाओ को मंच के माध्यम से जीवंत रखने का कार्य किया जा रहा है यह अत्यंत सरानीय कार्य है। इससे लोगो को एक मंच तो मिलता ही है बल्कि बुन्देलखण्ड के प्रतिभाओं का निखार भी होता है ।ऐसे कार्यक्रमो से हमारी भारतीय संस्कृति सभ्यता की प्रहचान होती है। कहा कि जहाँ भी क्षेत्र के विकास की बात होगी वह क्षेत्रवासियो के साथ खड़ी मिलेगी। इस दौरान उन्होंने आल्हा गायकों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान आल्हा मंच के अध्यक्ष शरद दाऊ तिवारी ने उन्हें पुष्पगुच्छ व शाल तथा स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया

## जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में बैठक की गई आयोजित



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के सरोजनी नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए नये पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया, इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने आलोपी वर्मा को प्रदेश संगठन मंत्री का पदभार सौंपा। साथ ही सुनीता श्रीवास्तव को सरोजनी नगर विधानसभा महिला प्रकोष्ठ में महामंत्री और दीप्ति सिंह को समीक्षा प्रभारी के पद पर नियुक्त किया। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मेहनत और लगन से कार्य करने का भरोसा दिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि संगठन एक परिवार है, जो अपने पदाधिकारियों और आम जनता को अपने साथ लेकर चलता है। हमें अभी बहुत मेहनत और लगन से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। बैठक में प्रदेश महामंत्री दिलीप द्विवेदी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार हजेला, संगठन मंत्री सरदार हरजीत सिंह, विधानसभा प्रभारी महिला प्रकोष्ठ हेमलता सिंह, अध्यक्ष नीरू तिवारी, संगठन मंत्री प्रेमलता श्रीवास्तव, वार्ड उपाध्यक्ष शीला चौधरी, कार्यालय प्रभारी राजकुमार मौर्य, राकेश सिंह और जेबा मेराज सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## स्कूल जाने के समय सड़कों पर आवारा घूम रहे खच्चरों से लोग है परेशान

अमन लेखनी समाचार



महोबा। स्कूल जाने के समय सुबह सड़कों पर आवारा घूम रहे खच्चरों से लोग परेशान हैं। साइकिल व टू व्हीलर से जाने वाले स्कूली छात्र छात्राओं को सबसे ज्यादा टकराने की संभावना बनी रहती है। खच्चर पालकों द्वारा सुबह से ही घर से छुट्टा छोड़ देने से वह पूरी सड़क पर उछल-कूद व दौड़ भाग करते देखे जाते हैं। स्कूली छात्रों को हमेशा टकराने का भय सताता रहता है। बच्चों के अभिभावकों ने इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

राष्ट्रीय राजमार्ग राठ महोबा रोड एवं कुलपहाड़ जैतपुर रोड पर इस समय भारी तादाद में खच्चरों का झुंड आवारा सड़क पर घूम रहा है लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि सुबह के समय स्कूली छात्रों को तैयार होकर विधालय जाना होता है और उसी समय सड़कों पर छुट्टा आवारा खच्चर छोड़ दिए जाते हैं। जिससे आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्हें आए दिन डर सताता रहता है कि कहीं लड़ भिड़ गए तो उनकी चपेट में आने से घायल न हो जाएं। यहां तक लोगों को सड़क किनारे खड़े होकर रास्ता खाली होने का इंतजार करना पड़ता है ह अभिभावकों ने बताया कि कई बार छात्रों की साइकिल खच्चरों से टकराकर गिर भी चुके है। सबसे ज्यादा डर पैदल जा रहे छोटे छोटे बच्चों का रहता है। जिससे अभिभावक अपने बच्चों को अकेले स्कूल नहीं जाने देते हैं। अभिभावक सुरेन्द्र सिंह, सानू, अनस, राजेश कुमार, अशोक कुमार, यूनुस खान आदि लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए इस पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है।

## पद्मशाली समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाया नारियल पूर्णिमा का महापर्व.

### मार्कण्डेय महामुनि की रथयात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

अमन लेखनी समाचार

भिवंडी. अखिल पद्मशाली तेलुगू समाज के आराध्य देवता श्री मार्कण्डेय महामुनि की भव्य रथयात्रा 50 वें वर्ष रक्षाबंधन पर्व मौके पर अखिल पद्मशाली समाज द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकालकर मंदिरों में पंडितों द्वारा धार्मिक रीतिरिवाज से हर्षोल्लास से पूजा अर्चना की गई.उक्त मौके पर सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा, भाजपा विधायक महेश चौगुले, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि सावंत, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष एड हर्षल पाटिल समाजसेवक भाजपा नेता कृष्णा गाजेंगी, अखिल पद्मशाली समाज अध्यक्ष रामकृष्णा पोटाबत्तीनी, राजू गाजेंगी, पूर्व पार्षद संतोष शेट्टी, सुमित पाटिल, लक्ष्मण मन्तेंन, भावेश पाटिल, श्रीनिवास आडीगोपुला, नागेश जमपाल, श्री मार्कण्डेय महामुनि उत्सव समिति अध्यक्ष श्रीधर रुद्रा, भावेश पाटिल, कोंडा गाजेंगी, निष्काम भैरी, नरेंद्र वेंगल, मलेशम कोंका सहित अखिल पद्मशाली समाज के गणमान्य लोग भारी संख्या में रथयात्रा में शामिल थे. गौरतलब हो कि, शिवाजी चौक स्थित कोंबड पाड़ा परिसर से अखिल पद्मशाली समाज के आराध्य देवता श्री मार्कण्डेय महामुनि की निकली भव्य रथयात्रा कासार आली स्थित भगवान मार्कण्डेय महामुनि मंदिर पहुंची. भव्य रथ पर भगवान मार्कण्डेय की भव्य झांकी के साथ सवार भक्त द्वारा श्री मार्कण्डेय महामुनि के चढ़ावे की खातिर हैंडलूम वस्त्र बनाया गया जिसकी बोली एक भक्त द्वारा 4 लाख 52 हजार में लगाकर महामुनि को अर्पित किया.

## नगराम यूनिट की बैठक सम्पन्न, भाजपा के वरिष्ठ नेता ने दी नवगठित निगोहां प्रेस क्लब को बधाई

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। निगोहां प्रेस क्लब की नगराम यूनिट की बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई जिसमें संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई बैठक में मुख्य रूप से बृजराज सिंह जय सिंह अशोक सिंह नितिन जायसवाल व प्रमोद सोनी भी मौजूद रहे बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने संगठन के प्रति अपनी गहरी निष्ठा व्यक्त करते हुए सौंपे गए दायित्वों को सहर्ष स्वीकार किया वही भाजपा के वरिष्ठ नेता नागेश्वर द्विवेदी ने प्रेस क्लब पहुंचकर संगठन से जुड़े पत्रकार बंधुओं को बधाई दी उन्होंने पुष्पमाला पहनाकर सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि एक सशक्त पत्रकार संगठन समाज की आवाज को और बुलंद करता है पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और एकजुट होकर कार्य करने से क्षेत्र की समस्याओं को सही तरीके से उजागर किया जा सकता है उन्होंने नवगठित इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों को निष्पक्ष निर्भीक एवं समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया वही नगराम यूनिट के सदस्यों ने कहा कि प्रेस क्लब का उद्देश्य पत्रकारों की एकजुटता बनाए रखना निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देना और सामाजिक मुद्दों को मजबूती से उठाना है कार्यक्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि नगराम क्षेत्र में पत्रकारों के हितों की रक्षा और संवाद को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी उपस्थित पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि सभी सदस्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग किशोरी लापता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर से बीते दिनों एक 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। इस मामले में परिजनों ने एक युवक के खिलाफ उसे बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के मुताबिक उसकी बड़ी बेटी सरोजनी नगर के एक निजी अस्पताल के हॉस्टल में रहकर वहीं नौकरी करती है। महिला का कहना है कि 15 वर्षीय छोटी बेटी को लखनऊ में पढ़ाई के लिए उसी के पास रख दिया था। लेकिन 4 अगस्त को छोटी बेटी बिना बताए कमरे से गायब हो गई। जानकारी होने पर बड़ी बेटी ने उसकी खोजबीन शुरू की तो वह चारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म पर बैठी मिली। तब बड़ी बेटी उसे समझा बुझाकर हॉस्टल ले आई। वहां पर जब उसने पूछताछ की तो छोटी बेटी ने किसी नितेश सिंह नामक युवक के बारे में बताया। इस पर बड़ी बेटी ने उसे समझा बुझाकर कमरे पर छोड़ दिया और ड्यूटी करने चली गई। महिला का कहना है कि इसी बीच मौका पाकर उसकी छोटी बेटी कमरे की खिड़की से निकलकर भाग गई। महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को नितेश सिंह नामक युवक ही बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया है। फिलहाल सरोजनी नगर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे के सहारे किशोरी और युवक का सुराग लगाने में जुट गई है।

## भव्य तरीके से जनपद सोनभद्र में निकाली गयी तिरंगा बाइक रैली

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से तिरंगा बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये इस तिरंगा बाइक रैली में पुलिस विभाग जिला पंचायत, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मलित रहे तिरंगा बाइक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होकर सर्ण जयतीं चैक बढ़ौली चैराहा होते हुए रामलीला मैदान पर पहुची इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपदवासियो से अपील की है कि प्रत्येक नागरिक के अपने आवास/स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में तिरंगा झण्डा को सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना/लगाना है, झण्डा फहराते समय सदैव केशरियां रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए, झण्डे को यदि सरकारी परिसर में फहराया जाता है, तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिए तथा सूर्यास्त के बाद सम्मान के साथ उतारना चाहिए, निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये जानेवाले झण्डों को उक्त समयावधि के उपरान्त आदर भाव के साथ उतार कर सुरक्षित रखा जायेगा। झण्डा उतारने के बाद किसी भी नागरिक के द्वारा इसे फेका नहीं जायेगा, उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए। इस दौरान रामलीला मैदान में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर घर पर झण्डा विधिवत तरीके से लगाया जाना चाहिए, आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा, आइए, हम सभी अपने घरो पर तिरंगा फहराएं और हर घर तिरंगा अभियान में भागीदार बनें। ध्वज को सम्मानपूर्ण तरीके से ऐसी जगह लगाया जाए जहां से वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे। ध्वज झुका हुआ न हो। फटा या मैला ध्वज नहीं फहराया जाता। किसी दूसरे ध्वज या पताका को राष्ट्रीय ध्वज से ऊंचा या ऊपर नहीं लगाया जायेगा, न ही बराबर में रखा जायेगा। ध्वज पर कुछ भी लिखा या छपा नहीं होना चाहिए। झंडे को किसी वस्तु को प्राप्त करने, देने, पकड़ने अथवा ले जाने के पात्र के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा।

## डीएम को शिकायत सौप वृद्ध ने सरकारी पट्टे की जमीन से कब्जा हटवाने की लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

महोबा। अजनर थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौरी निवासी 65 वर्षीय गोबिन्ददास पुत्र रामचरन ने सरकारी पट्टे की जमीन पर दबंगों के अवैध कब्जे के खिलाफ जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। गोबिन्ददास को 1999 में सरकार की ओर से खेती योग्य जमीन का पट्टा आवंटित किया गया था लेकिन विवाद के कारण इस जमीन पर वह अब तक खेती करने में असमर्थ रहे हैं। हाल ही में गोबिन्ददास ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ दबंगों ने उनकी पट्टे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इस मामले को लेकर उन्होंने पहले तहसील दिवस और समाधान दिवस में अपनी शिकायत दर्ज करवाई थी लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित गोबिन्ददास ने अब जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मांग की है कि दबंगों से उनकी जमीन का कब्जा हटवाया जाए और उन्हें पुनः जमीन का अधिकार दिलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से न्याय की उम्मीद जताई है और कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई इस जमीन पर उनका अधिकार होना चाहिए। स्थानीय निवासियों ने भी गोबिन्ददास के लिए समर्थन जताया है और प्रशासन से न्याय की मांग की है। यह मामला न केवल स्थानीय चचाओं का विषय बना हुआ है बल्कि यह सरकारी जमीन पर काबिज दबंगों की बढ़ती ताकत को भी उजागर करता है। सरकारी अधिकारियों से उम्मीद की जा रही है कि वह इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करेंगे

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



# अबीर गुलाल दुनिया भर में 29 अगस्त को होगी रिलीज

मुंबई। वाणी कपूर और पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। यह फिल्म काफी पहले भारत में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कश्मीर के पहलगाम में हमले की वजह से इसकी रिलीज टल गई थी। यह फिल्म 9 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी। यह फिल्म अब 29 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होगी। हाल ही में दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' को पूरी दुनिया में रिलीज किया गया है। हालांकि, यह फिल्म भारत में नहीं रिलीज हुई है। 'अबीर गुलाल' के मेकर्स भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रहे हैं।

लाइफ Style

# श्रुति

## जिंदगी की करना चाहती हैं नई शुरुआत

इन दिनों श्रुति हासन साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर चर्चा हैं। इसी फिल्म की चर्चा के बीच श्रुति ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जिंदगी की नई शुरुआत करने की बात की है। इस पर यूजर्स ने एक्ट्रेस को कई तरह की सलाह दे डाली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन, फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो। इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।' '



हॉलीवुड मसाला



# टॉम-जेंडाया ने बिताया क्वालिटी टाइम

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम हॉलैंड और अभिनेत्री जेंडाया इन दिनों सिर्फ फिल्मों में नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी में भी सुर्खियों में हैं। जहां एक ओर दोनों मार्वल की अगली फिल्म स्पाइडरमैन: ब्रैंड न्यू डे की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं दूसरी ओर वो लंदन में सुकून के पल बिताते भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने साथ में वक्त बिताया और इंडियन मील को एन्जॉय करते हुए नजर आए। लंदन के गेराड्र्स क्रॉस इलाके में हाल ही में दोनों को एक पार्क में देखा गया। टॉम उस दौरान अपनी फिल्म 'स्पाइडरमैन: ब्रैंड न्यू डे' का एक अहम सीन शूट कर रहे थे।



# छोटे कद का 30 साल का आदमी था स्टंट डबल

लॉस एंजिल्स। अभिनेता मैकाले कल्किन ने लंबे समय से चली आ रही उस अफवाह के बारे में बताया कि 'होम अलोन' में उनका स्टंट मैन बहुत छोटा था। 30 साल के लैरी निकोलस ने उनके स्टंट करते हुए बॉडी डबल का रोल किया था। मैकाले कल्किन ने कहा 'उसका नाम लैरी था और मैंने उसे पहली बार कपड़ों के अपार्टमेंट में देखा था। मैंने कपड़े बदले और बाहर निकला, तो वहां एक लड़का था लैरी, जिसने बिल्कुल मेरी तरह कपड़े पहने थे। मैंने उनसे कहा ओह लैरी कैसे हो? इस पर उसने जवाब दिया मैं अच्छा हूं। मैं लैरी हूं स्टंटमैन। उसने मेरी तरफ देखा और कहा तुम्हें क्या लगता है मेरी उम्र कितनी है? मैंने कहा- यह तो बहुत ही अजीब सवाल है। मैं नौ साल का था। तो मैंने सोचा वह 13 के होंगे। मैं जब कहा कि क्या आपकी उम्र 13 है तो वह हंस पड़े।' एक बार शेल्फ के टूट जाने से लैरी गिर गए थे।



# मदरहुड जर्नी को एंज्वॉय कर रही हैं कियारा

मुंबई। कियारा आडवाणी का घर और जिंदगी इस वक्त खुशियों से भरी हुई है। 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बेटी के माता-पिता बने। बेटी के जन्म पर कियारा और सिद्धार्थ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी, जिसमें लिखा था, 'हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी हुई।' हाल ही में कियारा ने अपनी मदरहुड जर्नी को लेकर भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की है। कियारा आडवाणी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मैं तुम्हारे डायपर बदलती हूं, तुम मेरी दुनिया बदलो। यह एक फेयर ट्रेड है।' इस पोस्ट के जरिए कियारा अपनी मदरहुड जर्नी को फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। इस मदरहुड जर्नी में पति सिद्धार्थ मल्होत्रा भी कियारा का साथ दे रहे हैं। कियारा आडवाणी इन दिनों ब्रेक पर हैं, वह बेटी की परवरिश में समय दे रही हैं।



# तलाक की अफवाहों के बीच चिल मूड में दिखे

मुंबई। हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन और दोनों की बेटी आराध्या बच्चन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। उनकी एक झलक पाने के लिए वहां फैंस की भीड़ लग गई। बच्चन परिवार के तीनों सदस्य जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर निकले तो पैपराजी ने उनकी तस्वीरें और वीडियो ली। सभी ने यात्रा करने वाले बेहतरीन ड्रेस पहने थे। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने सामान खुद लेकर जा रहे थे। बाहर निकलने के बाद उनके सामान को उनके सुरक्षा गार्ड ने लिए। अभिषेक बच्चन ने एयरपोर्ट के स्टाफ से हाथ मिलाया और उनसे गर्मजोशी से मुलाकात की। ऐश्वर्या ने अपना बैग खुद संभाला। एयरपोर्ट पर आराध्या बच्चन का अंदाज देखने वाला था। उन्होंने पैपराजी को पोज दिए और उनका अभिवादन भी किया।

टीवी मसाला

# कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान हिना को किसी ने नहीं दिया काम

नई दिल्ली। हिना खान टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। साथ ही फिल्मों में भी लीड रोल कर चुकी हैं। पिछले साल उन्हें ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। इसी बीमार से वह डटकर लड़ी और इलाज के बाद ठीक हो गईं। कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान भी हिना खान एक्टिव रहीं, लेकिन किसी सीरियल या फिल्म में नजर नहीं आईं। जबकि वह तो काम करना चाहती थी। अब हिना खान ने बताया कि किसी ने उन्हें पिछले एक साल में कोई काम ऑफर नहीं किया है। हिना खान कहती हैं, 'बीमारी का पता लगने, इलाज हो जाने के बाद 'पति पत्नी और पंगा' मेरा पहला प्रोजेक्ट है। मैं काम करना चाहती हूं। किसी ने मुझसे सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि तुम अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हो। लेकिन, मुझे लगता है कि शायद लोग काम देने से हिचकिचा रहे हैं। हो सकता है शो बनाने वाले ऐसा करें, मैं उनकी स्थिति भी समझती हूं। अगर मैं उनकी जगह होती, तो हजार बार सोचती।' हिना खान आगे कहती हैं, 'लेकिन मैं ऑडिशन के लिए तैयार हूं, मैं कहां रुकी थी? पिछले एक साल से मुझे किसी ने नहीं बुलाया। मैं हर चीज के लिए तैयार हूं, मुझे कॉल करें।' हाल ही में हिना खान अपने पति रॉकी जायसवाल के साथ शो 'पति पत्नी और पंगा' का हिस्सा बनी हैं। हिना और रॉकी के अलावा 'पति पत्नी और पंगा' में कई टीवी सेलिब्रिटी कपल भी शामिल हुए हैं।



## लाफ्टर शेफ के बाद पाकिस्तान ने भी बनाया कॉमेडी किचन शो

नई दिल्ली। पाकिस्तान लगभग हर चीज में भारत की कॉपी करने का पूरा ट्राई करता है। चाहे इंडियन प्रीमियर लीग की कॉपी पाकिस्तान प्रीमियर लीग हो या फिर टीवी शो ही क्यों ना हो. हाल ही में भारत के फेमस शो लाफ्टर शेफ के थीम को कॉपी करते हुए पाकिस्तान ने अपना कॉमेडी किचन शो बना लिया है। इसका प्रोमो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स भी कमेंट कर रहे हैं कि कहीं तो कॉपी करना छोड़ दो पाकिस्तान वालों। प्रोमो वीडियो को देखकर आप भी कहेंगे कि ये लाफ्टर शेफ की कॉपी की गई है। इसमें पाकिस्तानी सेलिब्रिटी यास्म गिल, अमर खान, मरियम खान, आरजू, मुस्तफा चौधरी और शेफ सादात नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में बताया गया है कि कश्मीर कॉमेडी किचन शो जल्द ही ग्रीन एंटरटेनमेंट पर टेलीकास्ट किया जाएगा। कलर्स का फेमस शो लाफ्टर शेफ के अब तक दो सीजन आ चुके हैं जिसमें पहले सीजन में अली गोनी और दूसरे सीजन में करण कुंद्रा विनर रहें।



# रिश्ते में संवेदनाएं एक जैसी होनी चाहिए : फातिमा

मुंबई। फातिमा सना शेख अपनी दो फिल्मों आप जैसा कोई और मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में रही हैं। फिल्म आप जैसा कोई में उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपने से बड़े उम्र के व्यक्ति के साथ प्यार में पड़ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि किसी भी रिश्ते में उम्र कोई दिक्कत नहीं है। उम्र के मामले पर बोलते हुए फातिमा सना शेख ने कहा 'अगर रिश्ते में दोनों की भावनाएं मेल खाती हैं तो इससे फर्क नहीं पड़ता है कि कोई लड़का मुझसे 10 साल बड़ा है। भावनाओं का स्तर एक जैसा होना चाहिए। उम्र में फर्क वाली चीज तो सदियों से होती आ रही है।' फातिमा सना शेख ने 'रहना है तेरे दिल में' के अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया 'मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। मैं लोगों से बताती हूं कि मुझे एक ऐसा किरदार मिला जिसमें मैं उनके साथ रोमांस कर रही हूं। हालांकि फिल्म में बहुत सही तरीके से रोमांस कर रही थी क्योंकि यह अच्छी तरह लिखा गया था। हमारी केमिस्ट्री एकदम प्राकृतिक थी।' फातिमा सना शेख ने आर माधवन के बारे में आगे कहा 'वह एक काबिल अभिनेता हैं। वह अपने आप में एक निर्देशक भी हैं। जब भी मैंने फिल्म में कुछ न करने का कारण दिया, तो उन्होंने मेरा उत्साह बढ़ाया।' फिल्म में दोनों के अभिनय की सराहना की गई है।



# महावतार नरसिम्हा बनी 2025 की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म

मुंबई। डायरेक्टर अश्विन कुमार की फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' हर दिन एक नया इतिहास रच रही है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ कमाई कर रही है। इस फिल्म ने कई बड़ी फिल्मों को कमाई के मामले में धूल चटा दी है। 'महावतार नरसिम्हा' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म का हिंदी वर्जन जमकर कलेक्शन कर रहा है। दर्शक फिल्म को काफी पसंद कर रहे हैं। ये फिल्म अपने बजट से कई गुना ज्यादा कमा चुकी है। 'महावतार नरसिम्हा' का बजट 15 करोड़ हुए हैं। ये एक एनिमेटेड फिल्म है, जो दर्शकों का दिल जीत रही है। इस फिल्म ने कई बिग बजट और बिग स्टार्स की फिल्में जैसे सैयारा और सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 से ज्यादा कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने 16वें दिन 19.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 145.15 करोड़ रुपए हो गया है।



महावतार नरसिम्हा' का कलेक्शन- डे 1- 1.75 करोड़ रुपए, डे 2- 4.6 करोड़ रुपए, डे 3- 9.5 करोड़ रुपए, डे 4- 6 करोड़ रुपए, डे 5- 7.7 करोड़ रुपए, डे 6- 7.7 करोड़ रुपए, डे 7- 7.5 करोड़ रुपए, डे 8- 7.7 करोड़ रुपए, डे 9- 15.4 करोड़ रुपए, डे 10- 23.1 करोड़ रुपए, डे 11- 7.35 करोड़ रुपए, डे 12- 8.5 करोड़ रुपए, डे 13- 6 करोड़ रुपए, डे 14- 5.35 करोड़ रुपए, डे 15- 7.5 करोड़ रुपए, डे 16- 19.50 करोड़ रुपए। टोटल कलेक्शन- 145.15 करोड़ रुपए। 'महावतार नरसिम्हा' 2025 में बॉलीवुड की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। फिलहाल, ये फिल्म विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 601.57 करोड़ रुपए, अहान पांडे-अनीत पड्डा अभिनीत 'सैयारा' 315.84 करोड़ रुपए, अक्षय कुमार की 'हाउसफुल 5' 183.38 करोड़ रुपए, अजय देवगन स्टारर 'रेड 2' 173.44 करोड़ रुपए और आमिर खान स्टारर 'सितारे ज़मीन पर' 167.4 करोड़ रुपए से पीछे है।

## अनिल विश्वास ने न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा

# जब नशे में धुत थे मुकेश, कॉलर से घसीटकर स्टूडियो ले गया था डायरेक्टर

*नई दिल्ली। मुकेश माथुर बॉलीवुड के सबसे नामचीन म्यूजिक डायरेक्टर में से एक थे। नील नितिन मुकेश के दादा मुकेश ने हिंदी म्यूजिक इंडस्ट्री को अतुलनीय योगदान दिया है। मुकेश माथुर को म्यूजिक इंडस्ट्री में लाने का श्रेय उनके दूर के रिश्तेदार को जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी बदलने का श्रेय म्यूजिक कंपोजर अनिल विश्वास को जाता है। अनिल विश्वास ही थे जिन्होंने मुकेश को न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि एक जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा और निखारा। ये किस्सा 1940 का है जब मोतिलाल मुकेश को फिल्म 'आसरा' के गाने की रिकॉर्डिंग के लिए नेशनल स्टूडियो ले कर गए थे। नए-नए मुकेश में प्रतिभा की तो कोई कमी नहीं थी, लेकिन उनके नए-नए हुनर को दिशा की जरूरत थी। मुकेश को एक ऐसे गुरू की जरूरत थी जो न सिर्फ उन्हें दिशा दे सके, बल्कि उनके हुनर को भी तराश सके।*



### पहली बार उम्मीद पर खरा नहीं उतरे

अब जब मुकेश अनिल विश्वास के पास पहुंचे तो वो उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए। बार-बार कोशिश के बाद अनिल ने वा गाना खुद ही गा लिया, ऐसे में निराश होकर मुकेश ने कह दिया कि अगर दिग्गज म्यूजिक कंपोजर खुद ही गाते रहेंगे, तो उनके जैसे नए टैलेंट को मौका कैसे मिलेगा और उनकी ये बात अनिल विश्वास के दिल में घर कर गई। अनिल ने ठान लिया कि अपनी दूसरी फिल्म में वो सिंगर को मौका जरूर देंगे।

### रिकॉर्डिंग के दिन गायब हो गए थे

पहले मौके के 5 साल बाद जब अनिल एक बार फिर फिल्म बना रहे थे, तो उन्होंने फिल्म 'पहली नजर' के लिए मुकेश को अप्रोच किया। डेट तय थी, स्टूडियो बुक था और गाने की रिकॉर्डिंग के दिन सिंगर मौके पर पहुंचे ही नहीं। वो एक बार में बैठकर शराब पी रहे थे। वो पूरी तरह से शराब के नशे में धुत थे, लेकिन अनिल विश्वास को जैसे ही ये बात पता चली वो खुद ही बार पहुंच गए।

### कंपोजर ने मुकेश को रसीद दिया था थप्पड़

म्यूजिक डायरेक्टर बार में सबके बीच से मुकेश को कॉलर से घसीटते हुए बाहर लेकर आए औऱ उन्होंने सिंगर को एक झन्नाटेदार थप्पड़ रसीद दिया। उसके बाद उन्होंने मुकेश का सिर धुलाकर उन्हें स्ट्रॉन्ग काली कॉफी पिलाकर उनसे गाना रिकॉर्ड कराया और ये गाना ऐतिहासिक बन गया। मुकेश की आवाज में ये गीत हिंदी सिनेमा के बेहतरीन गानों में से एक है। अनिल के झापड़ से मुकेश की आंखें खुल गईं और उन्हें एहसास हुआ कि अगर उन्हें कुछ करना है, तो उन्हें खुद को शराब आदि से दूर रखना पड़ेगा।